शुक्रवार
19 मई, 2023
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



अब निजी दवा दुकानों पर भी मरीजों को निःशुल्क उपलब्ध होंगी टीबी की दवाएं 2



## भाजपा के साथ हैं लव-कुश, इसे कोई परास्त नहीं कर सकता: सुमो

- पटना आगमन पर आरसीपी सिंह के लिए स्वागत समारोह का आयोजन
- भाजपा के वरिष्ठ नेता सुशील मोदी के बिगड़े बोल- कहा-नीतीश कुमार के पांव की धूल चाट रहे हैं ललन सिंह

**केटी न्यूज/पटना**



दिल्ली में बीजेपी जॉइन करने के बाद गुरुवार को आरसीपी सिंह पटना पहुंचे। उनके पटना आगमन पर बीजेपी के प्रदेश कार्यालय में भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान बीजेपी के नेताओं ने सीएम नीतीश कुमार पर जमकर हमला बोला. बीजेपी से राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने कहा कि नीतीश कुमार लव-कुश समीकरण की बात करते हैं, लव भी यहां बैठा है और कुश भी यहां बैठा है तो लव और कुश दोनों जब बीजेपी के साथ हैं और मंडल और कमंडल भी बीजेपी के साथ हैं तो बीजेपी को कोई परास्त नहीं कर सकता है।

सुशील कुमार मोदी ने ललन सिंह के आरोपों पर हमला बोलते हुए कहा कि ललन सिंह अभी टांय टांय बोलते रहते हैं। यही ललन सिंह नीतीश कुमार को गाली देने का काम किया करते थे। पटना के गांधी मैदान की सभा में उन्होंने नीतीश कुमार पर कहा था यह तानाशाह है लोकतंत्र नहीं है और अभी नीतीश कुमार के पांव की धूल चाट रहे हैं। नीतीश कुमार ने सबको धोखा दिया है। 13 साल तक आरसीपी सिंह ने जनता दल यूनाइटेड को मेहनत कर खड़ा किया और उन्हें नीतीश कुमार ने धोखा दिया। जॉर्ज फर्नांडिस, शरद यादव और ललन सिंह जैसे दर्जनों नेता हैं उन पर यह कहावत बैठती है ऐसा कोई सगा नहीं जिसे नीतीश कुमार ने ठगा नहीं।

### सम्राट चौधरी का दावा... लोकसभा की सभी 40 सीटें जीतेंगे

ललन सिंह पर तंज कसते हुए बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आप के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने गांधी मैदान की सभा में कहा था कि नीतीश कुमार के अतरी में दांत है, लेकिन उनके साथ जो डॉक्टर थे, आरसीपी सिंह वह अब बीजेपी के साथ हो गए हैं। अब हम सब मिलकर उसका इलाज अच्छे से करेंगे। नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री बनने का कीड़ा काटता है। 2013 में भी उन्हें प्रधानमंत्री बनने का कीड़ा काटा था तो उस वक्त आरसीपी सिंह थे तो उन्हें दो सीट मिल गया था। अब आरसीपी सिंह भी बीजेपी के साथ हैं तो उनका खाता भी नहीं खुलने वाला है। हम लोग सभी 40 सीट जीतेंगे। सम्राट चौधरी ने कहा कि जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष हमको नोटिस भेज रहे हैं, हम पूरा लिस्ट बनाकर रखे हुए हैं कि बिहार में कौन-कौन शराब माफिया है, कहां-कहां शराब बेची जाती है। कौन-कौन लोग शराब बेचते हैं।

## जमीन के बदले नौकरी केस में राबड़ी देवी से हुई पूछताछ

**एजेंसी/नई दिल्ली**

बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी गुरुवार को ईडी दफ्तर पहुंची। ईडी ने यहां उन्हें रेलवे में जमीन के बदले नौकरी के केस में पूछताछ के लिए बुलाया। राबड़ी देवी बुधवार को ही पति और आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के साथ दिल्ली गई थीं। गुरुवार की सुबह उन्हें ईडी दफ्तर में हाजिरी लगानी पड़ी। बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी जमीन के बदले नौकरी के कथित घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में पूछताछ के लिए ईडी के समक्ष पेश हुईं। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू प्रसाद की पत्नी राबड़ी देवी इस मामले में पीएमएलए के तहत अपना बयान दर्ज कराया।

**ये था घोटाला:** मनी लॉन्ड्रिंग का मामला सीबीआई की प्राथमिकी से निकला है। ईडी ने कुछ समय पहले इस मामले में छापेमारी की थी और एक करोड़ रुपये की बेहिसाब नकदी जब्त की थी। कथित घोटाला उस वक्त हुआ था जब लालू प्रसाद रेल मंत्री थे। एजेंसियों का आरोप है कि 2004-09 की अवधि के दौरान भारतीय रेलवे के विभिन्न जोन में समूह डी के पदों पर विभिन्न व्यक्तियों को नियुक्त किया गया और इसके बदले संबंधित व्यक्तियों ने अपनी जमीन लालू प्रसाद के परिवार के सदस्यों को हस्तांतरित की थी।

### जाति आधारित सर्वे पर बिहार सरकार को सुप्रीम झटका

# पटना हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट का इंकार

- सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी- हाई कोर्ट ने सर्वे को प्रथमदृष्ट्या असंवैधानिक मानते हुए अंतरिम रोक लगाई है, बेहतर है, पहले वहीं सुनवाई हो
- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- 3 जुलाई को हाईकोर्ट मामला नहीं सुनता तो 14 जुलाई को हमें जानकारी दीजिए

**एजेंसी/नई दिल्ली**



बिहार के जाति आधारित सर्वे पर पटना हाईकोर्ट की अंतरिम रोक हटाने से सुप्रीम कोर्ट ने मना कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि हाईकोर्ट ने सर्वे को प्रथमदृष्ट्या असंवैधानिक मानते हुए अंतरिम रोक लगाई है। बेहतर है, पहले वहीं सुनवाई हो। 3 जुलाई को हाई कोर्ट को मामला सुनना है। ऐसे में अगर हाईकोर्ट मामला नहीं सुनता तो 14 जुलाई को हमें जानकारी दीजिए। सुप्रीम कोर्ट में 14 जुलाई को अगली सुनवाई होगी। इससे पहले 3 मई को पटना हाई कोर्ट ने जाति आधारित सर्वे पर सवाल उठाते हुए अंतरिम रोक लगा दी थी। हाईकोर्ट ने 3 जुलाई से मामले पर अंतिम सुनवाई की बात कही है। बिहार सरकार ने हाईकोर्ट से जल्द सुनवाई का अनुरोध किया था, लेकिन हाईकोर्ट ने इससे मना कर दिया था।

बिहार सरकार की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में वरिष्ठ वकील श्याम दीवान ने जिरह की। उन्होंने कहा कि सर्वे का ज्यादातर काम पूरा हो गया है। सिर्फ 10 दिन का काम बाकी है। इसे चलने दिया जाना चाहिए। यह सही है कि जनगणना का अधिकार राज्य सरकार को नहीं होता, लेकिन बिहार में जनगणना नहीं, सर्वे चल रहा है। इसका उद्देश्य हर वर्ग के लोगों की पहचान कर उन्हें सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। यह दलील बिहार सरकार ने हाई कोर्ट में भी रखी थी, लेकिन याचिकाकर्ता 'यूथ फॉर इक्वलिटी' की याचिका को सुनते हुए हाई कोर्ट ने पूरी प्रक्रिया पर सवाल उठाए थे।

हाईकोर्ट ने इस बात पर भी विचार की जरूरत बताई थी कि क्या लोगों से उनकी जाति पूछना निजता के अधिकार का हनन है। हाईकोर्ट ने यह भी कहा था कि जनगणना केंद्रीय सूची का विषय है। इसके अलावा हाईकोर्ट में यह सवाल भी उठा था कि बिहार में जातिगत सर्वे विधानसभा से पारित कानून के जरिए नहीं, प्रशासनिक आदेश से हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अभय एस ओक की अध्यक्षता वाली बेंच ने हाईकोर्ट की तरफ से लगाई गई रोक हटाने से मना कर दिया। बेंच ने हाईकोर्ट को जल्द सुनवाई का निर्देश देने से भी मना किया। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने मामला अपने पास लंबित रखते हुए 14 जुलाई को अगली सुनवाई की बात कही है।

### सुप्रीम कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर जारी किया नोटिस



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में आम आदमी पार्टी नेता और दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर नोटिस जारी किया है। जैन के वकील और वरिष्ठ अधिवक्ता ए.एम. सिंघवी ने न्यायमूर्ति ए.एस. बोपन्ना व हिमा कोहली की पीठ को बताया कि उनके मुवक्किल को अत्यधिक स्वास्थ्य समस्याएं हैं, उनका वजन 35 किलोग्राम कम हो गया है और अब वह कंकाल बन गए हैं। शीर्ष अदालत ने जैन को जमानत से इनकार करने वाले दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ उनकी याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने के लिए अदालत की अवकाश पीठ का रुख करने की स्वतंत्रता भी दी है। खंडपीठ ने कहा, अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू प्रवर्तन निदेशालय की ओर से उपस्थित हुए।

इस साल अप्रैल में, दिल्ली उच्च न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय की ओर से की जा रही मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जैन और उनके दो सहयोगियों की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने कहा कि जैन एक प्रभावशाली व्यक्ति हैं और यह नहीं कहा जा सकता कि उन्होंने धन शोधन रोकथाम अधिनियम के तहत जमानत के लिए दोहरी शर्तों को पूरा किया है। न्यायाधीश ने कहा, साधारण तथ्य यह है कि सीबीआई ने आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया है। वर्तमान अदालत इस कार्यवाही की वैधता में नहीं जा सकती है। विशेष न्यायाधीश के आदेश (जैन को जमानत खारिज करने) में कोई विकृति नहीं है।

### सिद्धारमैया के शपथ ग्रहण समारोह के लिए नीतीश, तेजस्वी को न्योता

**बेंगलुरु।** सिद्धारमैया 20 मई को कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। उनके साथ डीके शिवकुमार भी शपथ लेंगे जो इस सरकार में उपमुख्यमंत्री होंगे। शपथ ग्रहण समारोह में कांग्रेस विपक्ष के प्रमुख नेताओं को आमंत्रित करके विपक्षी एकजुटता का संदेश देने की तैयारी में है। पार्टी ने समारोह के लिए सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा को निमंत्रण दिया है। इनके अलावा छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल, राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत, हिमाचल प्रदेश के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू को न्यौता भेजा गया है। कांग्रेस ने झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन, तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन, पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी, एसपी प्रमुख अखिलेश यादव, एनसीपी प्रमुख शरद पवार, पूर्व महाराष्ट्र सीएम उद्धव ठाकरे, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को आमंत्रित किया है।

### किरेन रिजिजू और एसपी सिंह बघेल का मंत्रालय बदला

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिपरिषद में गुरुवार को अचानक फेरबदल किए गए हैं। पहले किरेन रिजिजू और अब कानून राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल का मंत्रालय बदला गया है। अब उन्हें स्वास्थ्य मंत्रालय में राज्य मंत्री बनाया गया। चूंकि कानून मंत्रालय में अर्जुन राम मेघवाल राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार के तौर पर नियुक्त किए गए हैं इसलिए दूसरे राज्य मंत्री का वहां से अब ट्रांसफर कर दिया गया है। किरेन रिजिजू को पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की जिम्मेदारी मिली है।

## केशव टाइम्स के एमडी व चर्चित क्राइम रिपोर्टर अरविंद चौबे को मिला राष्ट्रीय प्रतिष्ठा पुरस्कार

**केटी न्यूज/डुमरांव**



केशव टाइम्स के एमडी (मैनेजिंग डायरेक्टर) व चर्चित क्राइम रिपोर्टर अरविंद चौबे उर्फ चुन्नु चौबे को वर्थ वेलनेस फाउंडेशन ने राष्ट्रीय प्रतिष्ठा पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया है। 14 मई को चंडीगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें यह पुरस्कार दिया गया। हालांकि अस्वस्थता के कारण श्री चौबे इस सम्मान को लेने जा नहीं सके। जिसके बाद फाउंडेशन द्वारा कुरियर के माध्यम से उन्हें अवार्ड भेजा गया है। पत्रकारिता क्षेत्र में बेहतर कार्यों के लिए फाउंडेशन ने उन्हें इस सम्मान के लिए चयनित किया था। अरविंद चौबे की गिनती तेजतर्रार क्राइम रिपोर्टरों में होती है।

फाउंडेशन के फाउंडर हिमांशु वाजपेयी, को-फाउंडर शौम्या वाजपेयी ने कहा कि यूपी बिहार से जुड़ी खबरों पर हमारी नजर थी। जिसमें केशव टाइम्स पूर्वांचल इलाके में अपने सटीक व निष्पक्ष खबरों से चर्चा में रहा है। जिसको लेकर एमडी को यह पुरस्कार दिया गया है। एमडी को बधाई देने वालों में विश्वामित्र अस्पताल के निदेशक डॉ राजीव कुमार झा, केशव टाइम्स के इनपुट हेड संजय कुमार, बक्सर ब्यूरो चीफ रजनी कांत दूबे, भोजपुर ब्यूरो चीफ अमित सिंह राठौर, बलिया के ब्यूरो चीफ तिलक वर्मा, गाजीपुर के ब्यूरो चीफ अखिलानंद तिवारी, जहानाबाद के बिरेन्द्र श्रीवास्तव उर्फ गप्पू, पत्रकार वरूण सिंह, प्रकाश कुमार बादल, अमर केशरी, गोलू सिंह आदि शामिल हैं।




### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी-7 समिट में हिस्सा लेने आज जापान दौरे पर होंगे रवाना

# पं. नेहरू के बाद हिरोशिमा का दौरा करनेवाले दूसरे पीएम होंगे मोदी

**एजेंसी/नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी-7 समिट में हिस्सा लेने के लिए शुक्रवार को तीन दिन के जापान दौरे पर रवाना होंगे। इस समिट में दुनिया के तमाम देश जुट रहे हैं। जी-7 देशों का ये सम्मेलन इस बार परमाणु हमले का दंश झेल चुके जापान के हिरोशिमा शहर में होने जा रहा है। पीएम मोदी 1974 में हुए पोखरण परमाणु परीक्षण के बाद पहले पीएम होंगे जो जापान के हिरोशिमा जाएंगे। उनसे पहले तत्कालीन पीएम जवाहरलाल नेहरू 1957 में हिरोशिमा का दौरा किया था, इसके बाद से कोई भी भारतीय प्रधानमंत्री जापान के हिरोशिमा नहीं गया। इसीलिए पीएम मोदी का ये दौरा काफी अहम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 मई से लेकर 21 मई तक जापान दौरे पर रहेंगे। इस बार जापान इस समिट की अध्यक्षता कर रहा है। जी-7 देशों में जापान, फ्रांस, कनाडा, इटली, अमेरिका, यूके और जर्मनी हैं। इस सम्मेलन में भारत समेत कई अन्य देशों को निमंत्रण दिया गया है। भारत इस सम्मेलन में अपने मुद्दों को रखेगा और चाहेगा कि उसका मैसज पूरी दुनिया तक जाए। पीएम मोदी कई नेताओं के साथ द्विपक्षीय बातचीत भी करेंगे. खासतौर पर चीन की हरकतों को रोकने के लिए पीएम मोदी का जी-7 समिट में शामिल होना काफी अहम माना जा रहा है।

### 1974 में परमाणु परीक्षण के बाद जापान से बिगड़े थे रिश्ते

भारत ने इंदिरा गांधी के नेतृत्व में 1974 में पोखरण में अपना पहला परमाणु परीक्षण किया था, जिसका सीधा असर भारत और जापान के रिश्ते पर भी पड़ा था। तमाम पश्चिमी देश भारत के इस कदम के खिलाफ उतर आए थे, जिनमें जापान भी शामिल था। जापान की तरफ से भारत के खिलाफ बयान दिए गए और प्रतिबंध लगाने की भी बात हुई। परमाणु परीक्षण के बाद खराब हुए जापान और भारत के रिश्तों में सुधार का दौर साल 2000 में शुरू हुआ, जब जापान के पीएम योशिरो मोरी भारत दौरे पर आए। इस दौरान दोनों देशों के बीच बातचीत शुरू हुई। यहां से जापान-भारत के रिश्ते सुधरने शुरू हो गए। इसके बाद 2006 में भारत के तत्कालीन पीएम मनमोहन सिंह जापान दौरे पर गए। तब जापान के पीएम शिंजो आबे से सिंह ने कई मसलों पर बात की और रिश्तों के एक नए दौर की शुरूआत हुई। शिंजो आबे के लंबे कार्यकाल के दौरान भारत और जापान के रिश्तों में खूब सुधार हुआ और दोनों देशों के बीच व्यापार में भी भारी इजाफा हुआ।

# प्रतियोगिताओं के आयोजन से सभी छात्र-छात्राओं का होगा विकास: जिलाधिकारी

- ❐ जिलास्तरीय वित्तीय साक्षरता बाल क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन
- ❐ शामिल हुए जिले के सभी प्रखंडों से कक्षा आठ से 12 तक के छात्र-छात्राएं

**केटी न्यूज/जहानाबाद**



जिलाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित ग्राम प्लेक्स भवन में गुरुवार को भारतीय रिर्जव बैंक के तत्वावधान में जिला स्तरीय वित्तीय साक्षरता बाल क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय वित्तीय साक्षरता बाल क्वीज प्रतियोगिता में जिले के सभी प्रखंडों से चयनित कक्षा आठ से 12 के छात्रों के बीच प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। जिसमें प्रखंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों के बीच जिला स्तर पर प्रतियोगिता कराया गया। यह प्रतियोगिता जिला शिक्षा पदाधिकारी तथा पंजाब नेशनल बैंक के द्वारा जिला स्तर पर संचालित किया गया। इस प्रतियोगिता में उच्च विद्यालय, काको से विकास कुमार एवं सुरज कुमार को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ, जबकि उच्च विद्यालय, बंधुगंज, मोदनगंज से पिन्टू कुमार एवं साहिल कुमार को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है तथा तृतीय स्थान डॉ0 जमीर अहसान उच्च विद्यालय, ढौरहा, मखदुमपुर से सुमीत कुमार एवं मंटू कुमार को प्राप्त हुआ। विजेता प्रतिभागियों को प्रोत्साहन राशि दिया जाएगा, जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को 10000 रुपए एवं ट्रोफी से पुरस्कृत किया गया, जबकि द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 7500 रुपए तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 5000 रुपए की राशि से लाभान्वित किया गया। साथ ही, प्रतियोगिता में शामील होने वाले सभी छात्रों को आने-जाने का यात्रा भत्ता दिया गया।

जिला पदाधिकारी ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए बताया कि यह प्रतियोगिता आप सभी छात्रों के क्षमतावर्धन के लिए आयोजित किया गया है। जिससे सभी बच्चों का विकास होगा। चयनित छात्र जिला तथा राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए जहानाबाद जिले का नाम रौशन करें। जिला स्तरीय वित्तीय साक्षरता बाल क्वीज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को राज्य स्तरीय वित्तीय साक्षरता प्रतियोगिता में शामिल होंगे। जिला पदाधिकारी द्वारा जिला स्तरीय वित्तीय साक्षरता बाल क्वीज प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेता को प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी रौशन आरा ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए प्रतियोगिता में शामिल सभी छात्रों से अपील किया कि हतास होने की कोई आवश्यकता नहीं है इस प्रकार के अवसर जीवन में आते रहेंगे, इसके लिए आप अग्रेरत तैयारी करते रहे।

भारतीय रिर्जव बैंक श्री श्याम सिंह, श्री अभिषेक चैबे, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक श्री प्रशांत कुमार, वरीय प्रबंधक श्री कुणाल जायसवाल, एफ.एल.सी. श्री उदय कुमार सिंह एवं अन्य कर्मियों द्वारा भी छात्रों को शुभकामना दिया गया तथा राज्य स्तर पर आयोजित राज्य स्तरीय वित्तीय साक्षरता प्रतियोगिता में अच्छे प्रर्दशन करने हेतु आगे बढ़ने के लिए निरंतर तैयारी करने का संदेश दिया। प्रधानाध्यापक,+२ उच्च विद्यालय, काको श्रीमती सुप्रिया शर्मा ने बताया कि उनके छात्र निरंतर हीं प्रयासरत रहते है तथा उन्होंने आश्वासन दिया कि सफल छात्रों को राज्य स्तरीय वित्तीय साक्षरता प्रतियोगिता में शामील होने के लिए अलग से प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## खबरें फटाफट

### अज्ञात बुजुर्ग का मिला शव

**जहानाबाद।** टेहटा ओपी क्षेत्र नन्दपुरा गांव के समीप सड़क किनारे बने यात्री शेड में एक बुजुर्ग व्यक्ति शव मिलने से इलाके में सनसनी मच गई, वही घटना की जानकारी देते हुए ओपी अध्यक्ष पप्पू कुमार राकेश ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा सूचना मिला के सड़क किनारे यात्री शेड में एक बुजुर्ग मरा हुआ है। घटना की सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और बुजुर्ग के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। ओपी अध्यक्ष ने बताया के मृतक देखने में मानसिक तौर पर विक्षिप्त लग रहा है। और कही से भटक कर यहाँ आ गया है। उन्होंने बताया के मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। ओपी अध्यक्ष ने बताया कि पुलिस मृत व्यक्ति का पोस्टमार्टम कराकर उसके परिजन की तलाश में जुट गई है। पहचान होते ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### दूसरी बार शराब सेवन करने पर आरोपी को एक साल कारावास

**जहानाबाद।** विशेष उत्पाद न्यायालय द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार प्रथम की अदालत ने दूसरी बार शराब का सेवन करने पर आरोपी धनंजय सिंह को एक वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी धनंजय सिंह ग्राम दौरा रामपुर चौरम थाना क्षेत्र अरवल निवासी बताया जाता है। उक्त संबंध में बिहार सरकार की तरफ से मामले में पैरवी कर रहे विशेष उत्पाद न्यायालय के विशेष लोक अभियोजक प्रमोद कुमार ने बताया कि आरोपी धनंजय सिंह के द्वारा पूर्व में भी शराब का सेवन करते हुए पकड़ा गया था जहां उसके विरुद्ध रामपुर चौरम थाने में 66/22 प्राथमिकी दर्ज किया गया था, वहीं न्यायालय द्वारा शराब पीने के अपराध में 2500 रुपए जुमार्ने से दंडित किया गया था। बताते चलें कि जुमार्ने से दण्डित किए जाने के बावजूद फिर से आरोपी धनंजय सिंह के द्वारा शराब सेवन करते हुए पुलिस पदाधिकारियों के द्वारा पकड़ा गया और रामपुर चौरम थाने में आरोपी के विरुद्ध उत्पाद प्राथमिकी 1244/22 दर्ज किया गया था।

## अच्छी खबर: दवा दुकानों पर टीबी की दवाएं मिलने से इलाजरत मरीजों को होगी सहूलियत

# अब निजी दवा दुकानों पर भी मरीजों को नि:शुल्क उपलब्ध होंगी टीबी की दवाएं

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में इलाजरत टीबी के मरीजों के लिए अच्छी खबर है। अब तक राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टीबी के इलाजरत मरीजों का उपचार एवं दवाएं सिर्फ सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क उपलब्ध थीं। वहीं, राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा टीबी मरीजों को अब और भी सुविधा देते हुए टीबी की दवाओं को शहर के अनेक मेडिकल स्टोर पर भी उपलब्ध कराया जा रहा है। मरीजों को दवा के लिए सरकारी अस्पतालों में लाइन लगाने या इंतजार करने की जरूरत नहीं है। मरीज अपने इलाके के चिह्नित दवा दुकानों पर जाकर टीबी की दवा निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ ही टीबी के मरीज अपने घर के समीप किसी एमबीबीएस डॉक्टर से भी उपचार करवा सकते हैं, लेकिन इसके लिए उन्हें इस बात की सूचना स्वास्थ्य विभाग को देनी होगी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वीकृति के बाद मरीज जिले के किसी कोने में एमबीबीएस डॉक्टर से उपचार करवा सकता है और उसे निःशुल्क दवा प्राप्त होगी।




- ■ सभी प्रखंडों में प्रख्यात दवा दुकानों को किया जा रहा है टैग
- ■ निजी दवा दुकानों की मॉनिटरिंग करेगा जिला यक्ष्मा केंद्र

**टीबी के मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी :** अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. शालिग्राम पांडेय ने बताया, स्वास्थ विभाग की इस सुविधा से टीबी के मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। वे जिले के किसी कोने में अपनी सुविधा से उपचार करवा सकते हैं। साथ ही उन्हें सरकार द्वारा टीबी उन्मूलन की महंगी दवा निःशुल्क प्राप्त कर सकेंगे। फिलवक्त जिले के 15 स्वास्थ्य विभाग ने जिले के 15 दवा दुकानों को इसके लिए चयनित किया है, जहां से टीबी की सरकारी दवाएं मरीजों को निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। इन दवा दुकानों से डॉक्टर्स के पर्ची के आधार पर दवा प्राप्त की जा सकती है। मरीज का इलाज सरकारी स्वास्थ्य संस्थान के माध्यम से हो रहा हो या फिर निजी संस्थानों के द्वारा। दोनों क्षेत्र के मरीज अब निःशुल्क दवा ले सकते हैं। लेकिन, इसके लिए उन्हें अपना नाम, निक्षय आईडी नंबर, पता और मोबाइल नंबर दुकान के एच-1 रजिस्टर में दर्ज कराना होगा। ताकि, जिला यक्ष्मा केंद्र दवाओं और टीबी मरीजों की मॉनिटरिंग कर सके।

**सभी प्रखंडों की दुकानों को किया जाएगा टैग :** जिला यक्ष्मा केंद्र के डीपीसी कुमार गौरव ने बताया कि फिलवक्त जिले के 15 दुकानों का चयन हुआ है। साथ ही, अन्य दुकानों को जोड़ने का काम किया जा रहा है। जिससे अधिक से अधिक दुकानों को टैग किया जा सके। इसके लिए सभी प्रखंडों के प्रख्यात दुकानों की लिस्ट तैयार कर ली गई है। फिलहाल बक्सर जिला मुख्यालय स्थित पीपी रोड के न्यू फरिदिया मेडिकल हॉल, मच्छरहट्टा पुल के समीप सुरज मेडिकल हॉल, मेन रोड स्थित ऋषभ मेडिकल हॉल, स्टेशन रोड स्थित ग्रीन मेडिको, ज्योति चौक स्टेशन रोड पर सरोज मेडिकल हॉल तथा गोलम्बर के समीप न्यू हंसराज मेडिको पर टीबी की दवाइयां उपलब्ध हैं। साथ ही, धनसोई मेन रोड के पूजा मेडिकल हॉल व पाठक मेडिकल हॉल, ईटाढ़ी मेन रोड स्थित पिताम्बर मेडिकल हॉल व जनता मेडिकल हॉल, चौसा के रवि मेडिकल हॉल, भलुहा राजपुर के न्यू नेहा मेडिकल हॉल, बन्नी राजपुर स्थित पप्पू मेडिकल हॉल, हेठुआं स्थित अल्तमस मेडिकल हॉल तथा तियरा मेन रोड स्थित राजेन्द्र मेडिकल हॉल पर टीबी की दवा निःशुल्क उपलब्ध हैं।

### मरीजों को पहुंचेगा काफी लाभ

नावानगर के टीबी चैंपियन धर्मेंद्र कुमार पासवान ने कहा कि जिला यक्ष्मा केंद्र की यह पहल काफी सराहनीय है। जिससे टीबी मरीजों को काफी लाभ पहुंचेगा। पूर्व में टीबी की दवाएं सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों पर उपलब्ध होते थे या विभाग के द्वार कुरियर किया जाता था। लेकिन, इस व्यवस्था से लोगों को काफी सहूलियत होगी। अब उन्हें सरकारी स्वास्थ्य संस्थान पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। वो निजी दवा दुकानों से भी अपनी दवाएं ले सकेंगे। जिससे उनका काफी समय बचेगा और बेहतर इलाज संभव होगा।

## बेल के पेड़ पर फांसी के फंदे में लटका मिला युवक का शव

**जहानाबाद।** जिले के मखदुमपुर में बीते रात्रि करीब डेढ़ बजे एक युवक का शव फांसी के फन्दे में लटका मिला। ग्रामीण कयास लगा रहे है कि युवक फांसी ने लगाकर आत्महत्या कर ली है। जिसके बाद उसके शव को पोस्टमार्टम हेतु जहानाबाद भेजा गया है। जहां की डॉक्टरों द्वारा कागजी प्रक्रिया पूरा कर आगे की कार्यवाही जारी है। घटना की जानकारी देते हुए मृतक विकास कुमार के पिता गोपाल प्रसाद ने बताया की मृतक विकास कुमार बीते रात्रि करीब 9 बजे से ही घर से लापता था जिसके बाद हम लोग उसके तलासी में जुटे थे और वही करीब डेढ़ बजे कुछ लोगो ने बताया की गांव के ही समीप स्थित एक खंडरनुमा मकान स्थित बेल के पेड़ से युवक लटका फाँसी के फन्दे में लटका पड़ा हुआ है, जिसके बाद हम सभी जब वहां गए तो पाया की हमारा बच्चा पेड़ से लटका हुआ है। एवं उसके सांसे चल रही थी जिसके बाद आनन फानन में मखदुमपुर स्वस्थ केंद्र ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, मृतक युवक अविवाहित था एवं मखदुमपुर में ही मां बाप से अलग रहकर चोबीन का दुकान लगाकर अपना जीवन यापन करता था, एवं तनाव में रहने के कारण यह खौफनाक कदम उठाया। युवक की मौत से पूरे परिवार में सन्नाटा पसरा हुआ है जबकि सबका रो रो कर बुरा हाल है। वही थानाध्यक्ष रवि भूषण ने बताया कि घटना की सूचना पाकर मखदुमपुर थाने की पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## नाच देखने के दौरान ससुराल गये युवक को लगी गोली

**केटी न्यूज/आरा**

जिले में शादी और तिलक समारोह में हर्ष फायरिंग की घटनाओं का सिलसिला जारी है। बुधवार की रात फिर एक तिलक समारोह में नाच देख रहा युवक हर्ष फायरिंग का शिकार हो गया। घटना चौरी थाना क्षेत्र के बाबूबांध गांव में हुई है। गोली उसकी पीठ में दाहिने साइड गोली लगी है। उससे वह गंभीर रूप जख्मी हो गया है। बेहतर इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल से उसे पटना रेफर कर दिया गया है। जख्मी युवक तीयर थाना क्षेत्र के देवड़ाढ़ गांव निवासी रघुवंश चौधरी का 28 वर्षीय पुत्र योगेंद्र चौधरी है। बुधवार को वह अपने ससुराल में आया था। वहीं घटना को लेकर लोगों में बीच अफरातफरी मच गई। लोग इधर-उधर भागने लगे। देखते ही देखते तिलक समारोह और गांव में सन्नाटा पसर गया।



बताया जा रहा है कि बुधवार को वह बाबूबांध गांव में तिलक समारोह में शामिल होने गया था। वहां नाच का प्रोग्राम चल रहा था। वह भी अन्य लोगों के साथ नाच देख रहा था। तभी किसी व्यक्ति द्वारा हर्ष फायरिंग कर दी गई। उसमें उसे पीठ में गोली लग गयी और वह खून से लथपथ होकर जख्मी हालत में जमीन पर गिर पड़ा। उसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां प्राथमिक उपचार करने के बाद डाक्टरों द्वारा उसकी हालत को देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और अपने स्तर से छानबीन की। इधर, थानाध्यक्ष कुमार रजनीकांत ने बताया कि जख्मी युवक का ससुराल बाबूबांध में ही है। वह बुधवार को अपने ससुराल आया था। बाबूबांध गांव निवासी सिंहासन चौधरी के घर बुधवार की रात तिलक आया थी। उसमें वह भी गया था और वह नाच देख रहा था। तभी उसके पीछे खड़े एक व्यक्ति द्वारा फायरिंग कर दी गयी। उसमें उसे गोली लग गयी। फायरिंग करने वाले युवक की पहचाना कर ली गयी है। उसकी गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापेमारी की जा रही है। बताते चलें दें कि अभी सोमवार की रात ही मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महुली गांव में तिलक समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग करने में एक युवक खुद की गोली से जख्मी हो गया था। उसे गिरफ्तार भी कर लिया गया है। इधर, एसडीपीओ राहुल सिंह ने बताया कि घटना उनके संज्ञान में है। थानाध्यक्ष को कार्रवाई करने के लिए बोला गया है। हर्ष फायरिंग करने वालों के खिलाफ सख्त कानून कार्रवाई की जाएगी।

## नाईट ब्लड सर्वे व एमडीए अभियान की सफलता के लिए बनेगी रुट लेवल की रणनीति

# नाईट ब्लड सर्वे के माध्यम से खोजे जाएंगे फाइलेरिया के मरीज

**केटी न्यूज/सासाराम**

देश से 2027 तक फाइलेरिया के उन्मूलन का लक्ष्य रखा गया है उक्त अभियान को सफल बनाने के लिए केंद्र स्तर से लेकर राज्य स्तर तक अभी से ही रणनीति बनाई जाने लगी है। इधर राज्य स्वास्थ समिति के निर्देश पर जिले में भी फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर आगामी 10 अगस्त को शुरू होने वाले एमडीए अभियान के लिए रणनीति बनानी शुरू कर दी गई है। 10 अगस्त को राज्य के 14 जिलों में एमडीए अभियान चलाया जाना है, जिसमें रोहतास जिला भी शामिल है। रोहतास जिले में इस अभियान को सफल बनाने के लिए राज्य स्वास्थ्य समिति के दिशा निर्देश पर कार्य करना भी शुरू कर दिया है। एमडीए अभियान के दौरान सभी लोगो को एलबेंडाजोल, डीईसी को



खुराक खिलाई जाती है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इस बार आईवरमेकटिन नामक दवा भी दी जाएगी जो फाइलेरिया को रोकने में कारगर साबित होगा। रोहतास जिले में पिछले साल एमडीए अभियान के दौरान 31 लाख 80 हजार लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया था जिसमे 27 लाख लोगों को दवा खिलाई गई थी। वही इस बार भी 31 लाख 80 हजार के आसपास लोगों को दवा खिलाने के लक्ष्य रखा गया है।

**एमडीए अभियान के पूर्व होगा नाईट ब्लड सर्वे :** वही एमडीए अभियान से पूर्व नाइट ब्लड सर्वे को लेकर भी फाईलेरिया विभाग ने रणनीति तैयार करनी शुरू कर दी है। पिछले साल जिले के सात प्रखंडों में नाईट ब्लड सर्वे अभियाम चलाया गया था। परंतु इस बार सरकार ने इसमें बदलाव करते हुए सभी 14 जिलों के सभी प्रखण्डों में एक बार नाईट ब्लड सर्वे का निर्णय लिया है। इसी के तहत इस बार नाइट ब्लड सर्वे रोहतास जिले के सभी 19 प्रखंडों में आयोजित किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी जयप्रकाश गौतम ने बताया की एमडीए अभियान को लेकर 16 मई को पटना में कार्यक्रम किया गया था जिसमें ब्लॉक लेवल पर नाइट ब्लड सर्वे की रणनीति बनाने के लिए कई दिशा निर्देश दिया गया। उन्होंने बताया कि इस बार सभी 19 प्रखंडों में नाइट ब्लड सर्वे अभियान चलाया जाएगा, जिसमें प्रति ब्लॉक से 300 लोगों का सैंपल लेने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जेपी गौतम ने बताया कि फाइलेरिया के परजीवी रात्रि में ही सक्रिय होते हैं इसलिए इसकी जांच रात्रि में ही की जाती है तभी जाकर फाइलेरिया के होने अथवा नहीं होने की पुष्टि हो पाती है।

**चलाया जाएगा जन जागरूकता अभियाम :** जय प्रकाश गौतम ने बताया कि फाइलेरिया बीमारी की जानकारी के लिए नाइट ब्लड सर्वे क्यों जरूरी है इसके लिए नाइट ब्लड सर्वे से पूर्व नुक्कड़ नाटक, हैंडबिल, पोस्टर सहित अन्य माध्यओ से लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, जिसमें बताया जाएगा कि फाइलेरिया क्या है, यह कैसे फैलता है और इसके क्या दुष्परिणाम होते हैं। साथ ही जन जागरूकता अभियान में इस बीमारी को रोकने के लिए भी जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जब तक लोग जागरूक नहीं होंगे अभियान को सफलता नहीं मिल सकती है।

**अभियान को सफल बनाने के लिए रुट लेवल की तैयारी :** डीसीएम चंदा कुमारी ने बताया कि नाइट ब्लड सर्वे एवं एमडीए अभियान को सफल बनाने के लिए रूट लेवल की तैयारी की जाएगी। अभियान को लेकर सभी प्रखंडों के बीसीएम के साथ विशेष बैठक करके रणनीति तैयार की जाएगी और बीसीएम अपने प्रखंड स्तर पर आशा कार्यकताओं के साथ बैठक करेंगे।

## एक नजर

### नि :शुल्क जांच सह परामर्श शिविर का आयोजन

**जहानाबाद।** 17 से 23 मई तक सभी सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क जांच-सह-चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत गुरुवार को जिलाधिकारी रिची पाण्डेय द्वारा सदर प्रखंड अंतर्गत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र-सह-हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर, कल्पा (जहानाबाद) में निःशुल्क जांच-सह-चिकित्सा परामर्श शिविर का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। जिलाधिकारी ने अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कल्पा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थिति पाये गये। निरीक्षण के क्रम में अस्पालत के प्रसव कक्ष, एएनसी कक्ष एवं सामान्य वार्ड का निरीक्षण किया गया। जिला पदाधिकारी, जहानाबाद द्वारा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिकरिया को निदेशित किया गया कि निःशुल्क जांच-सह-चिकित्सा परामर्श शिविर के संबंध में आशा कार्यकर्ता, आँगनबाड़ी सेविका के माध्यम से व्यापक प्रचार करते हुए स्वास्थ्य केन्द्र में आम जनता को लाकर शिविर को सफल बनायें। शिविर का उदघाट- एवं अस्पताल निरीक्षण के समय सिविल सर्जन, जहानाबाद, मो. खालिद हुसैन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला स्वास्थ्य समिति, जहानाबाद, डॉ. अजय कुमार, गैर संचारी रोग पदाधिकारी, जहानाबाद, डॉ. प्रभात कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, श्री अनुप सिन्हा, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक, श्री प्रकाश कुमार शर्मा, प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक (आशा) प्राथमिक स्वास्थ्य सिकरिया के साथ अन्य स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए।



### महिला पहलवानों को अब तक नहीं मिला न्याय

**जहानाबाद।** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर आज जहानाबाद माले कार्यालय से किसानों का एक जुलूस निकला जो काको मोड पर जाकर प्रतिवाद सभा में तब्दील हो गया। ज्ञातव्य हो कि उक्त प्रकरण पर महिला पहलवानों ने अप्रैल माह में ही अपना विरोध जताया परंतु केंद्र सरकार ने मात्र लीपापोती कर खत्म कर दिया। महिला पहलवानों ने विगत डेढ़ माह से अधिक दिनों से दिल्ली में धरना के माध्यम से विरोध जता रही हैं ।महिला सशक्तिकरण की बात बोलने वाली केंद्र सरकार महिला पहलवानों के शिकायत पर भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर कार्रवाई करने के बजाय उल्टे दिल्ली पुलिस द्वारा धरना पर बैठी महिला पहलवानों पर दमन ढा रही है। केंद्र की यह भाजपा की सरकार हाल के वर्षों में सबसे पहले एनआर सी के नाम पर देश के मुस्लिम अल्पसंख्यक सहित दलित गरीबों पर हमला शुरू किया था, तत्पश्चात देश के किसानों के खिलाफ किसान व कृषि विरोधी तीन कानून लाकर हमला किया ,इसके बाद देश के नौजवानों पर हमला शुरू किया जिन्होंने देश की रक्षा खातिर सेना में भर्ती होने के लिए तैयारी पर थे इनके जीवन जीविका को रसातल में डालने के लिए अग्निपथ योजना लाया और आज देश के महिला पहलवानों जिन्होंने देश को गौरवान्वित करने की दिशा में अपनी तैयारी में रहती हैं उनके साथ कुश्ती संघ के अध्यक्ष तथा भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने यौन उत्पीड़न किया है ।देश की जनता बर्दाश्त करने के लिए तैयार नहीं है। आज इन महिला पहलवानों के पक्ष में देश की आवाम खड़ी है। जिस प्रकार किसानों ने अपने खिलाफ लाए हुए कानून की वापसी के लिए चुनौती स्वीकार किया था आज लगातार देश को रसातल में डालने वाली सरकार को बंगाल की खाड़ी में दफना देने के लिए तैयारी पर जुट गई है। उक्त बातें सभा को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय किसान महासभा के राज्य सचिव तथा जहानाबाद जिला भाकपा माले के सचिव रामाधार सिंह सहित अन्य नेताओं ने कहा।



### सीबीसीएस व सेमेस्टर सिस्टम आधारित 4 वर्षीय डिग्री कोर्स वापस ली जाए

**जहानाबाद।** राज्यपाल सह कुलाधिपति द्वारा 4 वर्षीय डिग्री कोर्स के फीस व पाठ्यक्रम पर अंतिम मुहर लगने के निर्णय पर प्रेस बयान जारी करते हुए एआईडीएसओ के बिहार राज्य सचिव विजय कुमार ने कहा कि 4 वर्षीय डिग्री कोर्स के संबंध में राजभवन की ओर से जो पत्र जारी किया गया है, उसमें पाठ्यक्रम सीबीसीएस एवं सेमेस्टर प्रणाली के आधार पर होंगे। एक तरफ सेमेस्टर प्रणाली में 1 वर्ष में एक बार की जगह 2 बार परीक्षा एवं प्रवेश शुल्क लेने से बेतहाशा फीस वृद्धि होगी। नतीजतन कॉलेजों में जहां 7000 से लेकर अधिकतम 10000 तक 3 साल के स्नातक की पढ़ाई पूरी हो जाती थी वहां अब 21690 लगेंगे। यह फीस वृद्धि मध्यम वर्गीय व गरीब छात्रों को उच्च शिक्षा से बाहर कर देगा। वहीं दूसरी तरफ विकल्प आधारित क्रेडिट प्रणाली (सीबीसीएस) व मल्टीडिसीप्लिनरी के माध्यम से पहले से परीक्षित वैज्ञानिक अंतरविषय प्रणाली को खत्म कर अवैज्ञानिक व विस्तृत और सामाग्रिक ज्ञान के लिए बाधक बहुविषयक प्रणाली लाई जा रही है। इस 4 वर्षीय डिग्री कोर्स में मल्टीपल एंट्री एवं मल्टीपल एंट्री की व्यवस्था बीच में पढ़ाई छोड़ने वालों को कानूनी वैधता देगी। जिससे शिक्षा ज्ञान केंद्रित न होकर डिग्री बांटने की व्यवस्था में तब्दील हो जाएगी जहां जिनके पास पैसे होंगे मनचाहा डिग्री खरीद सकते हैं। देखा जा रहा है कि राज्य के अधिकतर विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र काफी विलंब से चल रहें हैं। ऐसे में यह चार वर्षीय डिग्री कोर्स राज्य की उच्च शिक्षा को पुरी चौपट कर देगा। उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार एक तरफ केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष की बात करती है जबकि केंद्र सरकार द्वारा लाई गई विनाशकारी नई शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के अनुरूप 4 वर्षीय डिग्री कोर्स को राज्य में तेजी के साथ लागू किया जा रहा है जो राज्य सरकार के दोहरे चरित्र को दर्शाता है।

## खबरें फटाफट

### शिक्षक नियुक्ति नियमावली का विरोध करना पड़ेगा महंगा

**बक्सर।** राज्य सरकार द्वारा लाई गई नई शिक्षक नियुक्ति नियमावली 2023 का विरोध राज्यभर के शिक्षकों ने किया है। जिले में भी शिक्षक संगठनों द्वारा कई दिनों तक आंदोलन चलाया गया। इस नियमावली को वापस लेने के लिए शिक्षक संगठन लगातार सरकार पर दबाव बना रहे हैं। वही अब शिक्षा विभाग इस नियमावली का विरोध करने वाले शिक्षकों पर सख्त हो गया है। विभाग के अपर मुख्य मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने इस संबंध में सभी डीईओ को पत्र लिख नई नियमावली का विरोध करने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई का निर्देश दिया है। पत्र में निर्देश दिया गया है कि यदि कोई भी स्थानीय निकाय के नियोजित शिक्षक अथवा अन्य कोई भी सरकारी कर्मी नियुक्ति नियमावली के विरोध में किसी भी प्रकार के धरना प्रदर्शन या अन्य सरकार विरोधी कार्यक्रम में भाग लेता है तो उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई अविलंब करना सुनिश्चित करेंगे। ज्ञात हो कि शिक्षकों की नियुक्ति नियमावली 2023 के तहत बीपीएससी के माध्यम से की जानी है। जिसको लेकर नियोजित शिक्षक लगातार धरना प्रदर्शन व विरोध जताने की प्रक्रिया में लगे हुए हैं। इसे देखते हुए विभाग सख्त हो गया है।

### डीलरों के साथ बीडीओ ने की बैठक

**केसठ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मनरेगा भवन के सभागार में गुरुवार को प्रखंड के सभी डीलरों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी मिथिलेश बिहारी वर्मा ने की। इस दौरान बीडीओ ने स्वच्छता शुल्क नहीं देने वाले लाभुकों को राशन कार्ड नहीं देने को लेकर डीलरों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता पर्यवेक्षक के यहां 30 रुपए प्रति घर शुल्क जमा कर रसीद प्राप्त करना है। लाभुक प्राप्त रसीद के आधार पर डीलर के यहां से राशन प्राप्त कर सकते हैं। वरना इसके अभाव में लाभुक का राशन बंद रहेगा। उन्होंने डीलरों को सख्त निर्देश देते हुए कहा यह पालन सभी को करना है। उन्होंने बताया कि सरकार के निर्देश के आलोक में प्रति परिवार 30 रुपए प्रति माह स्वच्छता शुल्क के रूप में देना है।

# प्रवासियों से गुहार... भईया रिजर्वेशन करा ल, 9 जून के चुनाव बा, वोट देबे आवे के बा

## नगर परिषद चुनाव

**रजनी कांत दूबे/डुमरांव**



भईया पहिले ही रिजर्वेशन करा ल, 9 जून के चुनाव बा, परिवार के साथे वोट देवे जरूर आवे के बा..., कुछ इस तरह के फोन दूसरे राज्यों में नौकरी पेशा करने वाले डुमरांव के प्रवासियों के पास इन दिनों आ रहे हैं। विभिन्न पदों के प्रत्याशी अपने-अपने क्षेत्र के प्रवासी मतदाताओं से लगातार संपर्क कर रहे हैं। वे प्रवासियों को मनुहार भेज, वोट देने आने की गुहार लगा रहे हैं। प्रवासियों ने टिकट कराने की अपील के साथ ही उसका खर्चा तक देने को प्रत्याशी तैयार हो रहे है। बता दें कि डुमरांव नगर परिषद चुनाव की तिथियां ज्यों-ज्यों नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे चेयरमैन, उपचेयरमैन व वार्ड पार्षद पदों के प्रत्याशी चुनाव जीतने के लिए कई हथकंडे अपनाते देखे जा रहे है। इसी कड़ी में प्रवासियों को मनुहार भी भेजा जा रहा है, ताकी वे चुनाव में आकर उनके पक्ष में मतदान कर सकें। चूकी यह चुनाव लोकल स्तर का है तथा एक वार्ड या चेयरमैन व उप चेयरमैन पद के लिए कई-कई उम्मीद्वार मैदान में खड़े है। ऐसे में एक-एक वोट महत्वपूर्ण हो जा रहा है। जिस कारण प्रत्याशी अपने पक्ष के वोटों की गोलबंदी कर रहे है।

वहीं डुमरांव नगर परिषद क्षेत्र के हजारों मतदाता दिल्ली, पटना, मुंबई, गुजरात, पंजाब सहित कई अन्य प्रदेशों में व औद्योगिक शहरों में नौकरी पेशा करते है। उनके चुनाव में नहीं आने से कई प्रत्याशियों का समीकरण गड़बड़ा सकता है। लिहाजा प्रत्याशी महीनों पहले से उनके संपर्क में है। कई ऐसे प्रवासी भी हैं जो हाल ही में होली, ईद या शादी विवाह के मौके पर अपने घर आ चुके है और हाल ही में अपने काम पर लौटे है। उनके लिए इतना जल्दी आना भी आसान नहीं है। लेकिन प्रत्याशी उन्हें बार बार आने की गुहार लगा टिकट तक की व्यवस्था का झांसा दे रहे है। प्रत्याशी हर हाल में चुनाव जीतने के लिए प्रवासी मतदाताओं का भी ठौर-ठिकाना खोजने लगे है। प्रवासियों के मोबाइल पर मनुहार भेज वोटिंग में आने की गुहार लगाई जा रही है।

### रोजगार के अभाव में नियति सी बन गई है प्रवासी बनना

बता दें कि डुमरांव क्षेत्र का इलाका आज भी रोजगार विहीन क्षेत्रों में शुमार हैं। स्थानीय स्तर पर रोजगार नहीं मिलने से नप क्षेत्र के कई मोहल्लों के गरीब मजदूर की जिंदगी अन्य परदेसों में कटती है। परदेस की कमाई से ही बच्चों की पढ़ाई, बुजुर्गों की दवाई और बेटी की सगाई संभव हो पाती है। यहा के युवाओं को प्रवासी बनना एक नियति सी बन गयी है। वैसे प्रवासियों के घर चुनाव में उतरने वाले प्रत्याशी दस्तक दे रहे है और प्रवासियों के बुजुर्ग माता-पिता और महिलाओं से उनका मोबाइल नंबर मांग संपर्क साध रहे है। उन्हें पता है कि नप चुनाव में एक-एक वोट का कितना महत्व है। ऐसे में सभी प्रत्याशी मजदूर और कामगरों के वोट को लेकर अपने-अपने पक्ष में करने के लिए कोई कसर नही छोड़ना चाहते है। चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की चहलकदमी से शहर की राजनीति गरमाने लगी है। बतादें कि 9 जून को डुमरांव नगर परिषद के चेयरमैन, उपचेयरमैन तथा 35 वार्डों के पार्षद पद के लिए मतदान होना है। जबकि उनके भाग्य का फैसला 11 जून को किया जायेगा।

## बाढ़ पूर्व तैयारी में जुटा जिला प्रशासन, बरसात पूर्व तटबंध की मरम्मत का दिया निर्देश

# नैनीजोर पहुंच बक्सर डीएम ने बिहार घाट और कोईलवर तटबंध का लिया जायजा

- मुखिया एवं मुखिया प्रतिनिधि से ली बाढ़ से प्रभावित समस्याओं की वस्तु स्थिति की जानकारी
- लोगों ने दियारा क्षेत्र में भूमि विवाद से लेकर गंगा नदी से सफेद बालू की तस्करी आदि की डीएम को दी जानकारी

**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**



बाढ़ पूर्व तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन सख्त हो गया है। इसी कड़ी में गुरूवार को डीएम अंशुल अग्रवाल ब्रह्मपुर प्रखंड के नैनीजोर गांव पहुंचे। उन्होंने वहां बिहार घाट तथा कोईलवर तटबंध का निरीक्षण किया। वहीं गंगा नदी में हो रहे कटाव का भी डीएम ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अपने मातहतों को संबंधित बाढ़ पूर्व कटाव का उपाय करने तथा कोईलवर तटबंध में जिस जगह मिट्टी का कटाव हुआ है या फिर तटबंध कमजोर हुआ है उसकी मरम्मत का निर्देश दिया है। निरीक्षण के दौरान डीएम ने मौके पर उपस्थित मुखिया एवं मुखिया प्रतिनिधि से बातचीत और पूछताछ कर बाढ़ से प्रभावित समस्याओं की वस्तु स्थिति की जानकारी ली। वहीं मौके पर उपस्थित पूर्व बीडीसी और अन्य लोगों ने दियारा क्षेत्र में भूमि विवाद से लेकर गंगा नदी से सफेद बालू की तस्करी, नैनीजोर की जर्जर सड़कों सहित अन्य समस्याओं से अवगत कराया तथा निजात दिलाने की गुहार लगाई। डीएम ने तत्काल बीडीओ तथा अन्य अधिकारियों को पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर समस्या का जड़ से समाधान का निर्देश दिया।

### ढाबी के पास तेजी से हो रहा है कटाव

बताया जाता है कि नैनीजोर से पूरब स्थित ढाबी गांव के पास गंगा नदी में कटाव तेज हो गया है। दियारावासियों की मानें तो इस बार गंगा का कटाव बिहार की तरफ ही हो रहा है। डीएम ने ढाबी के पास भयंकर कटाव की जानकारी से अवगत हो मौके पर उपस्थित बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल बक्सर कार्यपालक अभियंता रज्जी हैदर को निर्देश देते हुए वस्तु स्थिति को देखते हुए आवश्यक कार्रवाई करने को कहा तथा बाढ़ से संबंधित समस्याओं के लिए उत्तरी नैनीजोर तथा दक्षिणी नैनीजोर पंचायत के मुखिया सहित अन्य लोगों के साथ बैठक कर प्राप्त समस्याओं की वस्तु स्थिति अवगत हो निदान हेतु आवश्यक कार्यवाही शुरू करने का निर्देश दिया। वहीं गंगा नदी बिहार घाट पर निरीक्षण दौरान दक्षिणी नैनीजोर पंचायत के मुखिया गौरीशंकर तिवारी, उत्तरी नैनीजोर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि विरेन्द्र यादव, पूर्व बीडीसी प्रदीप कुमार तथा विष्णु दयाल यादव द्वारा गंगा नदी के उस पार से अपनी आवश्यक कार्य के लिए सफेद बालू लाने पर लगाए गए प्रतिबंध को हटाने तथा दियारा क्षेत्र में पूर्व से चल रहे भूमि विवाद की समस्याओं को निदान हेतु आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की गई।

डीएम द्वारा बिहार घाट के गंगा नदी में मुंडन संस्कार के समय की विधि व्यवस्था की जानकारी ली। उत्तरी नैनीजोर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि ने बताया कि मुंडन संस्कार में हजारों की संख्या में भीड़ इकट्ठा होती है। गंगा नदी घाट पर गर्मी और कड़ाके की धूप में मुंडन संस्कार किया जाता है। इस दौरान न तों यहां पानी पीने के लिए चापाकल लगाया गया है और न ही धूप से बचाव के उपाय किए गए हैं। घाटों पर मुंडन संस्कार में अप्रिय घटनाओं से बिच बचाव के कोई समुचित व्यवस्था तक नहीं रहती मौके डीडीसी महेंद्र प्रसाद, बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल बक्सर के कार्यपालक अभियंता रज्जी हैदर, कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा रोहित कुमार, सहायक अभियंता प्रदीप कुमार, कनीय अभियंता अखिलेश मिश्र व अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## एक नजर

### अपने गांव को स्वच्छ व सुंदर बनाने में सहयोग करें सभी ग्रामीण: विधायक विश्वनाथ राम



**राजपुर।** राजपुर प्रखंड के अकबरपुर पंचायत भवन परिसर में गुरूवार को डस्टबिन का वितरण किया गया। डस्टबीन वितरण के दौरान पंचायत को स्वच्छ बनाने के लिए प्रतिनिधियों ने आमजन से की अपील। इस दौरान पंचायत की मुखिया चिंता देवी की देखरेख में डस्टबिन का वितरण किया गया। मौके पर उपस्थित प्रतिनिधियों और अधिकारियों को मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार ने अंग वस्त्र तथा माला से सम्मानित किया। इस समारोह में स्थानीय विधायक विश्वनाथ राम मुख्य रूप से उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि सरकार स्वच्छता के लिए कई कार्यक्रम चला रही है। उन्होंने लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के फेज दो से जुड़ने तथा अपने गांव को स्वच्छ व सुंदर बनाने में सहयोग के लिए ग्रामीणों से अपील की। विधायक ने कहा कि अपने गांव को सुंदर व साफ सुथरा बना हम कई बीमारियों को समाज से दूर कर सकते है। उन्होंने लोगों से जागरूक हो इस अभियान में शामिल होने तथा सफाईकर्मियों का सहयोग करने को कहा। विधायक की बातों पर उपस्थित ग्रामीणों ने सहमति जताई और अपने गांव को स्वच्छ तथा सुंदर बनाने का संकल्प लिया। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी इंदु बाला सिंह ने कहा कि हर घर से कचरे का उठाव किया जाएगा। जिसके लिए आम जनों को 30 रूपए की राशि प्रति माह देना होगा। डस्टबीन वितरण के बाद विधायक ने स्वच्छता कर्मियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर अंचलाधिकारी सोहन राम, राजपुर मुखिया अनिल सिंह, प्रखंड स्वच्छता से जुड़े रुपेश सिंह, पंचायत सचिव तथा अकबरपुर पंचायत के सैकड़ों महिला व पुरुष मौजूद थे।

### एमपी हाईस्कूल में स्टॉल लगा लोगों एड्स से बचाव को लेकर किया गया जागरूक



**बक्सर।** गुरूवार को नगर के एमपी उच्च विद्यालय परिसर में जिला युवा उत्सव का आयोजन किया गया था। इस आयोजन में एड्स के प्रति जागरूकता को लेकर एक स्टॉल लगाया गया था। जहां युवाओं को एड्स से बचाव के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में पटना से बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति पटना रिसोर्स पर्सन प्रतिनिधि के रूप में कुणाल कुमार एवं बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति के ब्रांड एम्बेसडर सुन्दरम कुमार मौजूद रहे. इस दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे को बिहार स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी व जिला युवा उत्सव 2023 का एड्स जानकारी ही बचाव का बैच के साथ ही एड्स जागरूकता सबंधित पुस्तक भेंट की गई। इस मौकें पर स्वास्थ विभाग बक्सर से आईसीटीसी जिला पर्यवेक्षक शिव कृपाल दास, लैब टेक्नीशियन विशाल कुमार, प्रीति कुमारी, आयुष्मान भारत से अभिषेक कुमार, लीड बैंक प्रबंधक सतीश कुमार, सहायक प्रबंधक अनिल कुमार, जिला उद्योग केंद्र बक्सर से उद्योग विस्तार पदाधिकारी विद्या भूषण पाठक, अर्थ अन्वेषक मृणाल सिंह, जिला नियोजनालय से यंग प्रोफेशनल रोहित भारती, प्रमोद कुमार जीविका समूह के तरफ से जैविक सेनेटरी पैड प्रदर्शनी में शामिल था। वहीं जीविका समूह से नयनतारा देवी, नीलम देवी एवं रेखा देवी उपस्थित रहीं।

### कचरा उठाव का शुल्क नहीं देने पर सरकारी योजनाओं से होना पड़ेगा वंचित: बीडीओ

**नावानगर।** स्थानीय प्रखंड परिसर में बुधवार को स्वच्छता समन्वयकों के साथ बीडीओ मनोज कुमार ने बैठक की। बैठक में कचरा उठाव के शुल्क देने की जानकारी लोगों तक पहुंचाने का निर्देश समन्वयकों को दिया। बैठक में बीडीओ ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार कचरा उठाव के शुल्क नही देने वाले लोगों को चिन्हित किया जाएगा। जिससे कि उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ से वंचित किया जा सके। बीडीओ ने बताया कि लोहिया स्वच्छता अभियान के फेज दो के तहत स्वच्छ व सुन्दर पंचायत बनाने को लेकर सरकार ने यह कदम उठाया है। उन्होंने बताया कि स्वच्छता अभियान के तहत चलने वाले पंचायत में डोर टू डोर कचरा उठाव को ले अब हर घर से प्रति माह 30 रुपए लोगो को देने होंगे। बीडीओ ने बताया की ये पैसा वार्ड क्रियान्वयन प्रबंधन समिति के द्वारा वसूली की जाएगी। जो ग्राम पंचायत के खाते में राशि रखी जाएगी। जरूरत पड़ने पर ग्राम पंचायत उस राशि से विकाश योजनाओं में खर्च करेंगे। साथ ही इस राशि से यदि स्वच्छता कर्मियों की ई रिक्शा या पैंडल रिक्शा या सामग्री खराब होती है तो उसकी मरमति में भी खर्च किया जाएगा। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि जिस घर से कचरा उठाव के लिए 30 रुपए मासिक नहीं दी जाती है, तो उस घर का कचरा कर उठाव नही किया जाएगा। साथ उनके परिवार को सरकारी योजनाओं से वंचित होना पड़ेगा।

## होली के दिन ओझा बरांव गांव में हुए हत्याकांड के फरार आरोपी के घर पुलिस ने चशपाया इस्तेहार

**केटी न्यूज/चौगाईं**



होली के दिन मुरार थाना क्षेत्र के ओझा बरांव गांव में दरवाजे पर बैठे एक व्यक्ति की गोली मार हत्या कर दी गई थी। जबकि उसका भतीजा गोली लगने से जख्मी हो गया था। इस हत्याकांड में फरार चल रहे उसी गांव के मुन्ना यादव के घर गुरूवार को मुरार पुलिस ने इश्तेहार चश्पाया है। न्यायालय के आदेश पर इश्तेहार चश्पाने पहुंची पुलिस ने अविलंब सरेंडर नहीं करने पर कुर्की जब्ती करने की चेतावनी दी है। मुरार थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि होली के दिन ओझा बरांव गांव में ठाकुर यादव की गोली मार हत्या कर दी गई थी जबकि उसके भतीजा राहुल यादव भी गोली लगने से जख्मी हो गया था। इस हत्याकांड का एक आरोपी मुन्ना यादव फरार चल रहा है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। लेकिन अब तक वह पकड़ में नहीं आ सका है। जिसके बाद न्यायालय ने इश्तेहार जारी कर उसे तत्काल सरेंडर करने का निर्देश दिया है। सरेंडर नहीं करने पर न्यायालय द्वारा कुर्की जब्ती का आदेश दिया जाएगा। जिसके बाद पुलिस उसे घर पर बुलडोजर चलाएगी।

## बेटी की शादी की तैयारी में जुटा था परिवार चोरों ने नगदी व आभूषण पर किया हाथ साफ

**केटी न्यूज/बक्सर**

औद्योगिक थाना क्षेत्र के साहोपारा गांव में चोरों ने एक घर में भीषण चोरी की घटना को सफल अंजाम दिया है। चोरी की यह घटना गांव के कपिलदेव पांडेय पिता भीम पांडेय के घर बुधवार की रात हुई है। गुरूवार को अल सुबह जब घरवालों की नींद खुली तो कमरों का दरवाजा खुला तथा टूटे आलमीरा व बक्से को देख उन्हें चोरी की बात समझ में आई। खास यह कि पीड़ित के लड़की की शादी तय थी। जिसकी तैयारी में पूरा परिवार लगा था। इस शादी के लिए आभूषण व नगदी भी रखा गया था। जिसे चोरों ने चुरा लिया है।

जानकारी के अनुसार बुधवार की रात श्री पांडेय का पूरा परिवार खाना खाकर सोने के लिए छत पर चला गया था। मध्य रात्रि अज्ञात चोर पिछले दरवाजे के रास्ते घर में प्रवेश कर घर में रखे 2 लाख 4 हजार रूपए नगद, सोने व चांदी के करीब 2.5 लाख मूल्य के गहनों, एक साइकिल, घड़ी तथा एक टैब समेत कुल पांच लाख रूपए मूल्य के सामान चुरा लिए है। अहले सुबह करीब पौने चार बजे जब घर के किसी सदस्य की नींद खुली तथा वह छत से नीचे आया तो सभी कमरों का दरवाजा खुला व बिखरें सामानों को देख चोरी की बात समझ में आई। परिजनों ने चोरी गए सामानों की पड़ताल के बाद औद्योगिक थाने में इसका एफआईआर दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि चोरी की इस वारदात की जांच की जा रही है। बता दें कि पिछले सप्ताह इसी तरह डुमरांव में भी एक बंद घर में चोरों ने करीब पांच लाख रूपए मूल्य के आभूषण व नगदी की चोरी कर ली थी। पुलिस इस मामले का अभी तक उद्भेदन नहीं कर सकी है।

## प्रत्येक साल ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि के दिन मनाया जाता है वट सावित्री का पर्व

# पति की लंबी आयु के लिए महिलाएं आज करेंगी वट सावित्री की पूजा

**केटी न्यूज/बक्सर**



प्रत्येक साल ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि के दिन वट सावित्री मनाया जाता है। सनातन धर्म में सुहागिन महिलाओं के मुख्य त्योहार में वट सावित्री खास है। आचार्य ज्योतिषाचार्य पंड़ित नरोत्तम द्विवेदी कहते हैं कि शुक्रवार के दिन वट सावित्री पर्व मनाया जाएगा। वट सावित्री पर्व के दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए व्रत रखती हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार वट सावित्री पर्व का महत्व करवा चौथ के व्रत जितना होता है। इस दिन व्रत रखकर सुहागिनें वट वृक्ष यानी बरगद के पेड़ की विधि-विधान से पूजा करती हैं। वट वृक्ष की पूजा लंबी आयु, सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य देने के साथ ही हर तरह के कलह और संतापों का नाश करने वाली मानी जाती है। कहा जाता है कि इसी दिन सावित्री अपने पति सत्यवान के प्राण यमराज से वापस ले आई थीं। तभी से महिलाएं सावित्री के समान अपने पति की दीघार्यु की कामना के लिए इस व्रत को करती हैं।

### वट सावित्री की पूजा में इस्तेमाल होने वाली सामग्री

पंड़ित नरोत्तम द्विवेदी के अनुसार सावित्री और सत्यवान की मूर्ति, बांस का पंखा, कच्चा सूत, लाल रंग का कलावा, बरगद का फल, धूप, मिट्टी का दीपक, फल, फूल, बतासा, रोली, सवा मीटर का कपड़ा, इत्र, पान, सुपारी, नारियल, सिंदूर, अक्षत, सुहाग का सामान, घर से बनी पुड़िया, भीगा हुआ चना, मिठाई, घर में बना हुआ व्यंजन, जल से भरा हुआ कलश, मूंगफली के दाने, मखाने का उपयोग किया जाता है।

**बरगद के पेड़ में तीनों देवों का होता है वास:** पंड़ित नरोत्तम द्विवेदी ने कहा कि वट सावित्री के व्रत के दिन वट वृक्ष यानी बरगद के पेड़ की पूजा की जाती है। हिन्दू मान्यताओं के अनुसार बरगद के वृक्ष में सभी देवी-देवता वास करते हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार वट वृक्ष की जड़ों में ब्रह्मा, तने में भगवान विष्णु एवं टहनियों में भगवान शंकर का निवास होता है। इस पेड़ की नीचे की ओर लटकती शाखाएं, देवी सावित्री का प्रतीक मानी जाती है। इसलिए वट वृक्ष की पूजा से हर मनोकामना शीघ्र पूर्ण होती है। इस दिन बरगद के पेड़ की पूजा करने से पति की लंबी आयु होती है और घर में सुख-समृद्धि आती है।

**वट सावित्री व्रत का महत्व:** पंड़ित नरोत्तम द्विवेदी ने कहा कि सावित्री व्रत के दिन सुहागिन महिलाएं सुबह उठकर स्नान आदि करके सोलह श्रृंगार करती हैं और व्रत का संकल्प लेती हैं। पूजा का सामान तैयार करके बरगद के पेड़ के नीचे बैठ कर पूजा करती हैं और कथा सुनती हैं। मान्यता है कि वट सावित्री व्रत के दिन विधिवत पूजन करने से महिलाओं अखंड सौभाग्य का वरदान प्राप्त होता है।

## खबरें फटाफट

### दिल्ली कैपिटल्स टीम में नेट बॉलर के रूप में मेराज का चयन

**मऊ।** क्रिकेट का अपना एक अलग ही जुनून है। जिसके अंदर यह जुनून समाया, तो फिर वह पीछे मुड़कर नहीं देखता, की उसे और क्या करना है। उम्र की ढलान, बल्ले और गेंद के प्रति लगाव अगर किसी युवा को 30 वर्ष की उम्र में क्रिकेट के क्षेत्र में सफलता मिले तो फिर उसका बल्ले-बल्ले तो होना ही है। मऊ के मेराज खान का आईपीएल के दिल्ली कैपिटल्स टीम में नेट बॉलर के तौर पर चयन होने से मऊ में खुशी का माहौल है और परिजन फूले नहीं समा रहे हैं। बताते चलें कि मऊ जनपद के मुहम्मदाबाद गोहना के छोटे से गांव शेखवाड़ा निवासी अशफाक खान के पुत्र मेराज का शुरू से क्रिकेट के प्रति लगाव था। लेकिन खेल के प्रति उसकी चाह और घर की माली हालत के आगे उसे कुछ भी समझ में नहीं आता था कि क्या कैसे करें। पिता वर्तमान में दिल्ली में ई-रिक्शा चलाकर पूरे परिवार का पेट पालते हैं तो 30 वर्षीय मेराज की पत्नी शबनम प्राइवेट स्कूल में नौकरी कर घर का आर्थिक मदद कर मेराज के हौंसले को पंख देती है। माता परवीन तीन बेटियों व एक छोटे बच्चे के साथ पूरे परिवार को संभालती हैं।

### 21 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**मऊ।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार दिनांक 21 मई रविवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना सुनिश्चित है। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में तहसील न्यायालय से लेकर किसी भी न्यायालय अथवा विभागीय मामलों को सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित किये जाने हेतु लम्बित मामलों से छुटकारा पाने का स्वर्णिम अवसर है। उपर्युक्त के सम्बंध में वादीकारीगण की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए दीवानी न्यायालय,मऊ में दिनांक 21 मई 2023 दिन रविवार को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन सुबह 10.00 बजे से सांय 4.00 तक किया जायेगा।

### पुलिस के हत्थे चढ़ा वांछित अभियुक्त

**बलिया।** बांसडीह पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम को यह सफलता नरायणपुर चौराहे के पास मिली। गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए पुलिस ने चालान न्यायालय कर दिया। पुलिस अधीक्षक बलिया राजकरन नय्यर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिये चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बांसडीह थाने के उप निरीक्षक अरुण कुमार सिंह मय हमराह का. श्याम सिंह के साथ देखभाल क्षेत्र में मैरीटार चौराहे पर मौजूद थे। इसी बीच, मुखबीर की सूचना पर नरायणपुर चौराहे के समीप से अभियुक्त उमेश प्रसाद गोड़ पुत्र स्व. राम सागर गोड़ (निवासी मैरीटार, थाना बांसडीह, बलिया) को गिरफ्तार कर लिया।

# सूरत-ए-हाल: अतिक्रमण की भेंट चढ़ा रानीगंज व बैरिया बाजार, प्रशासन मौन

- आमजनों को आए दिन हो रही परेशानी, अधिकरी नहीं ले रहें सुधी

**केटी न्यूज/बलिया**



जनपद के बैरिया तहसील क्षेत्र के मुख्य रानीगंज व बैरिया बाजार की सड़कों पर दुकानदारों ने जबरदस्त अतिक्रमण कर रखा है। जिन कंधो पर अतिक्रमण हटाने का जिम्मा है उनकी ओर से कभी कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जाती है। जिस कारण दुकानदारों के हौसले बुलंद हैं। आमजनों को इस अतिक्रमण के कारण आए दिन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन पुलिस और प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से कोई कार्यवाही नहीं की जा रही। कागजों में जरूर खानापूर्ति कर ली जाती है,हालांकि सच्चाई बिल्कुल इसके विपरित हैं। रानीगंज व बैरिया बाजार की हालात यह है कि अतिक्रमण के चलते यहां दिनभर जाम के लगता रहता हैं। इस जाम में आमजन के साथ वाहन चालक रोजाना फंसते है फिर पुलिस-प्रशासन को कोसते हुए जैसे-तैसे आगे निकल जाते हैं। यह हालात आज की नहीं हैं, यह स्थिति लम्बे समय से चला आ रहा हैं किंतु कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण स्थिति जस की तस बनी हुए है।

**सड़कों पर अतिक्रमण कर रहे हैं दुकानदार :** रानीगंज व बैरिया बाजार में दुकानदारों ने सड़कों पर सामान रख तीन से लेकर पांच फीट तक कब्जा कर रखा है। जिसका खामियाजा आमजन को परेशान होकर भुगतना पड़ रहा है। सड़कों पर सामान रखने के कारण पैदल चलना और वाहनों को निकालने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।बैरिया व रानीगंज बाजार के सड़क के दोनों ओर दुकानदारों ने दुकानों से सामान बाहर निकालकर सड़क पर रखा हुआ है। जिस कारण यहां रोजाना जाम के हालात रहते हैं। जिस कारण आम जनता का सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है।सबसे बड़ी बात यह है कि पुलिस-प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के दौरान खानापूर्ति के नाम पर सड़क से अतिक्रमण हटा लिया जाता है।उसके बाद फिर से रोजाना की तरह अतिक्रमण जारी रहता है।

**ई-रिक्शा चालकों की मनमानी देखने के बाद भी पुलिस मूकदर्शक :** पुलिस-प्रशासन की अनदेखी के लोगों की सहूलियत के लिए सड़क पर दौड़ रहे ई-रिक्शा भी जाम की समस्या बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इनकी मनमानी इस कदर है कि सवारी के लिए बीच सड़क में ही ई-रिक्शा रोक सवारी भरने लगते हैं,जिससे हमेशा जाम लग जाता है। वहीं ई-रिक्शा चालकों की मनमानी देखने के बाद भी पुलिस मूकदर्शक बनी रहती है। मामले में उपजिलाधिकारी आत्रेय मिश्र ने कहा कि रानीगंज,बैरिया बाजार में अतिक्रमण को लेकर शिकायत मिल रही है।बहुत जल्द बैरिया व रानीगंज बाजार में अभियान चलाकर बाजार से अतिक्रमण को हटाया जायेगा।

## जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

# स्कूल में बच्चियों की संख्या कम होने पर डीएम ने लगाई फटकार

- कम उपस्थिति के कारण बीएसए, एबीएसए और प्रबंधक से मांगा गया स्पष्टीकरण
- विद्यालय में साफ सफाई रखने का दिया सख्त निर्देश

**केटी न्यूज/बलिया**





शिक्षा विभाग की स्थलीय जानकारी लेने के लिए जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने गुरुवार को स्कूलों का निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने दुबहड़ शिक्षा क्षेत्र के बसरिकापुर स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी के औचक निरीक्षण की खबर सुन विद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कक्षाओं की साफ सफाई और पेयजल की व्यवस्था देखी। इस दौराल जिलाधिकारी ने स्कूल में कम छात्राओं की उपस्थिति पर सवाल किए, लेकिन कोई भी उनके सवालों का ठीकठाक जवाब नहीं दे पाया। जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए स्कूल का रजिस्टर मंगाया। उन्होंने रजिस्टर की जांच की तो पता चला कि स्कूल में पिछले वर्ष 100 बच्चियों का नामांकन हुआ था, लेकिन यहां पर महज 14 छात्राएं ही उपस्थित थी। जिसे गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने ने प्रबंधक की कार्यप्रणाली से असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि बीएसए, एबीएसए और प्रबंधक से स्पष्टीकरण लिया जाए और उनसे पूछा जाए कि विद्यालय में बच्चों की संख्या इतनी कम क्यों है। जवाब संतुष्टजनक नहीं मिलने पर सख्त कार्रवाई की भी चेतावनी दी।

वहीं, स्कूल में साफ-सफाई की व्यवस्था के मुआयने के दौरान जिलाधकारी ने शौचालय और स्नानघर का निरीक्षण किया। जहां पर मानक के अनुरुप व्यवस्था नहीं होने के कारण स्कूल प्रबंधक को फिर से डांट लगाई। जिलाधिकारी ने प्रबंधक से पूछा कि यदि विद्यालय निधि में रुपए आए थे तो उसको उपयोग क्यों नहीं किया गया। जिलाधिकारी ने विद्यालय की उपस्थिति पंजिका पुस्तिका का निरीक्षण किया और स्टाफ के विषय में जानकारी ली। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रवीण वर्मा भी उपस्थित रहे।

जिला महिला चिकित्सालय की व्यवस्था संतोषजनक : जिलाधिकारी ने जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सालय के ओपीडी रूम ,लेबर रूम, ऑपरेशन कक्ष आदि का निरीक्षण किया। चिकित्सालय के सीएमएस डॉ. सुमिता सिन्हा ने जिलाधिकारी को बताया कि चिकित्सालय में सभी व्यवस्थाएं हैं और यहां पर आने वाले मरीजों का समय बद्ध तरीके से इलाज किया जाता है। जिलाधिकारी ने तीमारदारों से भी इस संबंध में बातचीत की। जिलाधिकारी ने वहां की व्यवस्था देख कर संतोष व्यक्त किया और चिकित्सालय की सीएमएस को बधाई दी और उनके कार्य को प्रोत्साहित किया। सीएमएस सुनीता सिन्हा ने जिलाधिकारी को बताया कि अभी महिला अस्पताल में बच्चों के एक्सरे के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। इसके लिए जिलाधिकारी ने उन्हें निर्देशित किया कि इस संबंध में पत्र शासन को भेजा जाए। साथ ही चिकित्सालय को यदि किसी भी चीज की आवश्यकता हो तो उसके लिए तुरंत उनसे संपर्क किया जाए।, लोगों का स्वास्थ्य प्रशासन की प्राथमिकताओं में से एक है।

### हादसे में स्कॉर्पियो सवार एक की मौत

**गाजीपुर।** मुहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के गौसपुर गांव के पास सड़क दुर्घटना में स्कार्पियो सवार दो युवक बुरी तरह से जख्मी हो गए। जिसमें एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। उसे स्थानीय लोगों की मदद से जिला अस्पताल भिजवाया गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने दोनों युवकों की पहचान कर बताया कि मृतक युवक मुहम्मदाबाद कस्बे से सटा सलेमपुर गांव का रहने वाला है। जिसका नाम गुड्डू जायसवाल उम्र 42 वर्ष तथा दूसरा घायल व्यक्ति का नाम पप्पू खा 41 वर्ष जो मोहम्मदाबाद कस्बे के भठठी मोहल्ला का रहने वाला है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यह दोनों लोग गाजीपुर की तरफ से किसी मीटिंग पार्टी से वापस घर आ रहे थे कि 4:00 बजे भोर में गौसपुर गांव के पास पलक झपक गई और दीवाल में जाकर गाड़ी जोरदार टक्कर मार दी । जिससे पप्पू के हाथ और पैर पूरी तरह से जख्मी हो गए हैं साथ ही सीने में भी गंभीर चोट लगा है । जिनको किसी भी तरह स्कॉर्पियो गाड़ी से बाहर निकाला गया। पप्पू का की मोबाइल की दुकान मोहम्मदाबाद तहसील तिराहे पर स्थित है। वही गुड्डू जायसवाल की मौके पर ही मौत हो गई। गुड्डू जायसवाल गेहूं चावल एवं गल्ले का बड़ा व्यवसायी था । उसके दो पुत्र एवं एक पुत्री है तीनों की अभी शादी नहीं हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पूरे सलेमपुर गांव में कोहराम मच गया वही पत्नी बेटे एवं पूरे परिवार का रो रो कर बुरा हाल हो गया।

## बालिका के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में 20-20 साल की सजा

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

विशेष न्यायाधीश पॉक्सो प्रथम राकेश कुमार की अदालत ने बुधवार को नाबालिक पीड़िता के साथ गैंगरेप के आरोपियों को 20-20 साल की सजा सुनाते हुए प्रत्येक पर 45-45 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित करते हुए अर्थदंड की राशि से पीड़िता को 75 प्रतिशत प्रतिकर के रूप में देने का आदेश दिया है।

बताते चलें कि थाना बिरनो के एक गांव निवासी ने थाना में इस आशय की तहरीर दिया कि सात अगस्त 2018 को उसकी नाबालिक पुत्री को गांव के ही उपेंद्र राजभर व मेवा लाल राजभर कहीं बहला फुसलाकर ले गए थे। परिवार के लोग काफी खोजबीन किए। दो दिन बाद उसकी लड़की मिली और सारी बात बताई। बिरनो थाना में आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ और पुलिस ने आरोपियों को पकड़कर जेल भेज दिया। पीड़िता का डॉक्टरी मुआयना कराने के बाद आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र पेश किया गया।

बताया जाता है कि केस की सुनावाई के दौरान विचारण अभियोजन की तरफ से विशेष लोक अभियोजक प्रभुनारायण सिंह ने कुल सात गवाहों को पेश किया। सभी ने अपना-अपना बयान न्यायालय में दर्ज कराया। जिनपर विचार करते हुए न्यायालय ने बुधवार को दोनों तरफ की बहस सुनने के बाद उपरोक्त फैसला सुनाते हुए सभी आरोपियों को जेल भेज दिया।

## जयमाल के बाद प्रेमी ने दुल्हन की भरी मांग, हुई पिटाई

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



बिरनो थाना क्षेत्र के एक गांव में बरात आई थी। इस बरात में लोगों की नजर से बचते हुए दुल्हन का प्रेमी भी प्रेमिका के द्वार पहुंच गया। स्टेज पर जयमाल का कार्यक्रम सकुशल संपन्न हुआ। इसके बाद आशीर्वाद प्राप्त कर रहे दूल्हा -दुल्हन के बीच पहुंचे प्रेमी ने भरी सभा में दुल्हन का सिंदूरदान कर दिया। घटना से हरकत में आए लोगों ने प्रेमी की जमकर धुनाई की और उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। इस प्रकरण में पीड़ित परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

बिरनो थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में मंगलवार की रात करूई धनेशपुर से बारात आई हुई थी। डीजे पर थिरकते हुए युवा भी दिखाई दे रहे थे। कन्या पक्ष के लोग बारात के खाने-पीने से लेकर मिष्ठान की व्यवस्था में लगे हुए थे। सबकुछ बहुत ही अच्छी तरह से चल रहा था। महिलाएं मंगल गीत गा रही थी। जयमाल की तैयारी कर दूल्हे और दुल्हन के बीच वरमाला भी पहनाया जा चुका था। तभी कुछ ऐसा वाकया हुआ कि वर पक्ष और कन्या पक्ष की खुशियां तबाह हो गई। हुआ यूं कि जयमाल होने के बाद आशीर्वाद कार्यक्रम चल रहा था। इसी बीच दुल्हन का आशिक स्टेज पर पहुंचा और दुल्हन की मांग को सिंदूर से भर दिया। यह देख आस-पास खड़े घराती पक्ष के लोगों ने आरोपी आशिक को पकड़ लिया और जमकर धुनाई कर दी। इसी बीच सूचना पाकर पहुंची बिरनो पुलिस ने मामले को किसी तरह समझा-बुझाकर शांत कराया। घायल सिरफिरे को इलाज के लिए भेजा गया, वहीं बारात लेकर आया हुआ दूल्हा और परिजनों के बीच शादी को लेकर असमंजस की स्थिति बनी रही। काफी देर तक पंचायत होने के बाद दूल्हा बिना दुल्हन के ही घर वापस चला गया। दुल्हन पक्ष ने दूल्हा पक्ष से खानपान और व्यवस्था व खर्च हुए रुपए को भी दंड लगाते हुए वसूल लिया। आरोपी आशिक पूर्व में भी ऐसी घटना को अंजाम दे चुका है।

## प्रदेश के सभी जिलों को परिस्थितियों के अनुसार सौंपा गया एक विशेष खेल

# अब एक जिला एक खेल योजना युवाओं के लिए बनेगी प्रेरणा

**केटी न्यूज/बलिया**



अब एक जिला एक खेल योजना युवाओं के लिए प्रेरणा बनेगी। खेलो इंडिया के तहत भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार संयुक्त रूप से यह कार्यक्रम शुरू किया गया है। इसका प्रमुख उद्देश्य खिलाड़ियों की नई पौध को एक विशेष खेल में पारंगत करना है। इसके तहत बलिया में एथलेटिक्स का चयन किया गया है। उत्तर प्रदेश में हर जिले को वहां की परिस्थितियों के मुताबिक एक विशेष खेल सौंपा गया है। साथ ही उसमें रुचि रखने वाले खिलाड़ियों को पारंगत करने की जिम्मेदारी वहां के जिला स्तरीय खेल अधिकारियों को दी गई है। इसी के तहत बलिया को एथलेटिक्स गेम को बढ़ावा देने के लिए चयनित किया गया है। यहां के युवा दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, भाला फेंक, चक्का फेंक जैसे एथलेटिक्स गेम में ज्यादा रुचि रखते हैं। इसको देखते हुए जनपद में इसको बढ़ावा देने की जिम्मेदारी मिली है। इसके लिए एथलेटिक्स के प्रशिक्षक अजय राज सिंह को खिलाड़ियों को तैयार करने का जिम्मा सौंपा गया है। साथ ही स्टेडियम में एथलेटिक्स के बेहतरीन उपकरण भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

**30 खिलाड़ियों का हुआ चयन :** उप जिला क्रीड़ा अधिकारी अजय प्रताप साहू ने बताया कि एक जिला एक खेल योजना के तहत जिले में एथलेटिक्स के 30 खिलाड़ियों को चुना गया है। इनमें 10 लड़कियां और 20 लड़के हैं। ये खिलाड़ी खेलो इंडिया स्कूल गेम्स और खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में प्रतिभाग करेंगे। एथलेटिक्स के लिए जिले के वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम के अलावा यहां के लगभग 40 से 45 युवा खिलाड़ी दूसरे जनपदों में भी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। शासन के निर्देश पर बलिया जिले को एथलेटिक्स से जुड़े खिलाड़ियों को विशेष तौर पर प्रोत्साहित करने की जिम्मेदारी मिली है। इसके लिए सभी आवश्यक कार्रवाई की जा रही है ताकि जिले में एथलेटिक्स के खिलाड़ियों की नई पौध तैयार हो सके।

### बलिया में आज मसाल रिले रैली का होगा आयोजन

**बलिया।** खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम-2022 के अंतर्गत मशाल रिले रैली का आयोजन 19 मई को किया जाएगा। जो सुबह 6 बजे वीर लोरिक स्टेडियम से शुरू होकर कुंवर सिंह चौराहा, टीडी कॉलेज चौराहा, चित्तू पांडे चौराहा ,रेलवे स्टेशन, शहीद चौक तक जाएगी। उसके उपरांत वापसी में विशनिपुर होते हुए चित्तू पांडेय चौराहा, टीडी कॉलेज चौराहे से होते हुए बहुउद्देशीय सभागार तक जाएगी। इसके अंतर्गत बहुउद्देशीय सभागार में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जनपद के मेधावी खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। तत्पश्चात रैली यूनिवर्सिटी बसंतपुर के लिए रवाना होगी।

## एक नजर

### समान कार्य के लिए समान सुविधाएं दिलाने का रहेगा प्रयास: सांसा वीरेंद्र मस्त



**बलिया।** सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने कहा कि गुरु का काम बच्चों को केवल अक्षर ज्ञान देना नहीं है। बल्कि समाज और परिवार में हो रहे विघटन रोकने के साथ ही समृद्ध, स्वच्छ और स्वस्थ भारत बनाने की जिम्मेदारी भी शिक्षकों के ही कंधों पर है। सांसद गुरुवार को नगर के टाउन हॉल में शिक्षा मित्र संघ की ओर से आयोजित संवाद और विचार गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समाज में बढ़ रहा विघटन चिंता का विषय है। जाति-धर्म का भेदभाव मिटाने का सबसे अच्छा साधन बच्चे हैं। शिक्षक को बच्चों को इस बात के लिए प्रेरित करना चाहिए कि वे समाज के प्रत्येक नागरिक, अपने भाई-बहन, मां-बाप सभी का सम्मान करें। शिक्षामित्रों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि मैं इस संबंध में पहले भी मुख्यमंत्री से बात कर चुका हूं। बहुत जल्द पुनः उनसे और केंद्र सरकार से वार्ता कर समस्या का समाधान कराया जाएगा। भरोसा दिलाया कि उनका एक ही प्रयास होगा कि शिक्षामित्रों को समान कार्य के लिए समान सुविधाएं मिले। इससे पहले कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि नगरपालिका के नवनिर्वाचित चेयरमैन संत कुमार गुप्त 'मिठाई लाल' ने कहा कि शिक्षामित्रों की समस्याओं से सांसद जी पूरी तरह वाकिफ हैं। पूरा विश्वास है कि आपकी समस्याओं का जल्द समाधान करा देंगे।

### कर्मचारी हित के लिए कर्मरत्न बीएन सिंह ने बेच दी थी अपनी पुश्तैनी जमीन



**बलिया।** कर्मरत्न बीएन सिंह की पुण्यतिथि पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के द्वारा गुरूवार को राजकीय बालिका इंटर कालेज के सभागार में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिले भर से जुटे कर्मचारी नेताओं व कर्मचारियों ने स्व. बीएन सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। पुण्यतिथि कार्यक्रम में कर्मचारी नेताओं ने स्व बीएन सिंह के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 17 जुलाई 1927 को रायबरेली में जन्मे बीएन सिंह ने कर्मचारियों के हितों के लिए आजीवन संघर्ष किया। कहा कि विरले ही कर्मचारी नेता होते हैं जो अपना सबकुछ न्यौछावर कर देते हैं। कहा कि उन्होंने कर्मचारी हितों के लिए लखनऊ में अपनी जमीन बेच दी। वे धुन के पक्के व दूरदर्शी नेता थे। विपरीत विचारधारा वाले लोग भी उनके निगोशिएशन की प्रशंसा करते थे। उनके कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 1966 से ही बीएन सिंह ने राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद में अपना योगदान देना शुरू कर दिया था। केन्द्र के समान मंहगाई भत्ता दिलाने के लिए हुई हड़ताल में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। 1986 में राज्य कर्मचारियों को केंद्रीय चतुर्थ वेतनमान दिलाने के लिए उन्होंने निर्णायक संघर्ष किया। यही नहीं पांचवें वेतन आयोग की रिपोर्ट को भी 1996 में प्रदेश में लागू कराया। 1994 में 51 दिनों की हड़ताल कर दो प्रोन्नति वेतनमान कर्मचारियों को दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### पुरानी पेंशन की मांग को लेकर दिया धरना

**बलिया।** कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर गुरुवार को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने उत्तर प्रदेश पर लिए गए निर्णय के क्रम में कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। इस दौरान सीएम को संबोधित पुरानी पेंशन बहाली समेत 12 सूत्रीय मांगपत्र जिलाधिकारी को सौंपा। कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के जिलामंत्री विवेक कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश के लगभग 16 लाख कर्मचारी के पुरानी पेंशन की बहाली एवं कर्मचारी की सेवा संबंधी अन्य समस्याओं से जहां आर्थिक हानी हो रही है, वहीं पर सैकड़ों पदों पर आज भी वेतन विसंगति, दैनिक वेचन संविदा कर्मचारियों का स्थाईकरण, रिक्त पदों पर नियुक्ति, आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की सेवा सुरक्षा पद के अनुरूप वेतन, पूर्व में की गई भत्तों की बहाली, सातवें वेतनमान आदि समस्याओं से हमारे कर्मचारी जूझ रहे हैं। लेकिन सरकार कुंभकर्णी निद्रा में सोई हुई है। धरने में कर्मचारियों ने एक स्वर में नारा दिया जीना है तो मरना सिखो, कदम-कदम पर लड़ना सिखो। इस मौके पर अविनाश उपाध्याय, राजेश पांडेय, सतीशचंद्र वर्मा, जावेद अख्तर, शैलेंद्र पांडेय, अशोक सिंह, प्रशांत पांडेय आदि रहे।

### सड़क किनारे सूखे पेड़ ज़िम्मेदारों को दिखा रहे आईना



**बलिया।** राष्ट्रीय राजमार्ग 31पर सड़क किनारे सूखे पेड़ अपनी अंतिम घड़िया गिन रहे हैं। सड़क पर खड़ी इस मुसीबत को लेकर आने-जाने वाले राहगीरों की जान भी हमेशा सांसत में बनी रहती है। चितबड़ागांव मोड़ से लेकर भरौली तक कई ऐसे पेड़ हैं जो सुख कर सड़क किनारे तेज हवा में कब गिर जाएं कहना मुश्किल है। इन दिनों लू के साथ चल रही तेज हवा या आसन्न आंधी-पानी,बरसात में यह सूखे पेड़ कब जमींजोद हो जाए आने जाने वालों लोगों में दहशत बना है। जबकि इस व्यस्त मार्ग पर रात दिन गाड़ियां चलती रहती है, बच्चों का स्कूल आना जाना लगा रहता है, और सैकड़ों की संख्या में किसान-मजदूर रात-दिन इस रास्ते से आते जाते रहते हैं। विडंबना यह कि इस मार्ग से शासन प्रशासन के साथ ही जनप्रतिनिधियों का आना जाना भी हमेशा लगा रहता है फिर भी इन सूखे पेड़ों पर किसी की नजर नहीं पड़ती। पर्यावरण संरक्षण के लिए हर साल अभियान चलाकर पौधरोपण किया जा रहा है। काश! सड़क किनारे सूखे पड़े इन पेड़ों के लिए भी कभी अभियान चलता तो इन सूखे जानलेवा पेड़ों से लोगों में व्याप्त भय से निजात मिल जाती।

# मुखिया पति हत्याकांड में मुख्य शूटर सहित दो अपराधी गिरफ्तार

- गांगी से पकड़ा गया मैं शूटर, संरक्षण देने वाला सहयोगी भी धराया




**केटी न्यूज/आरा**

जिले के कृष्णगढ़ थाने के बभनगांवा निवासी पश्चिमी गुंडी पंचायत की मुखिया के पति मुन्ना यादव हत्याकांड की गुत्थी पुलिस द्वारा तीन दिनों में सुलझा दी गयी है। चुनावी रंजिश में मुखिया पति की हत्या करायी गयी थी। उसके लिए सुपारी देकर एक शूटर को भी हायर किया गया था। पुलिस ने हत्याकांड के मुख्य शूटर और सहयोगी सहित दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इन के पास से हत्या में इस्तेमाल एक देसी पिस्टल, एक कट्टा, दो गोली, चार खोखा, एक बाइक और एक मोबाइल बरामद किया गया है। गिरफ्तार अपराधियों में आरा नगर थाना क्षेत्र के उजियार टोला (बिंद टोली) निवासी राकेश कुमार उर्फ रॉकी और बड़हरा थाना क्षेत्र के शालीग्राम सिंह के टोला निवासी पवन कुमार है। राकेश कुमार उर्फ रॉकी मुख्य शूटर है। उसे नगर थाना क्षेत्र के गांगी इलाके से गिरफ्तार किया गया। वह लूट सहित दो मामलों में फरार चल रहा था। उसने घटना में शामिल होने की बात कबूल की है। साथ ही हत्याकांड का पूरा राज भी खोल दिया है।

एसपी प्रमोद कुमार की ओर से गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि हत्या के बाद एएससी चंद्र प्रकाश के नेतृत्व में संयुक्त टीम गठित की गयी थी। वैज्ञानिक और लोकल सूत्रों के माध्यम से शूटर की पहचान की गयी। उसके बाद बुधवार को गांगी से मुख्य शूटर राकेश कुमार उर्फ रॉकी को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक देसी पिस्टल व एक गोली बरामद की गयी। पूछताछ में उसने हत्याकांड का राज खोलते हुए उसमें शामिल लोगों का नाम भी बताया। उसकी निशानदेही पर पवन कुमार को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से भी एक कट्टा और एक गोली बरामद की गयी। एसपी ने बताया कि दूसरे शूटर धनजी यादव सहित अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी को छापेमारी की जा रही है। टीम में बड़हरा थानाध्यक्ष जयंत प्रकाश, कृष्णगढ़ थानाध्यक्ष विवेक कुमार और डीआईयू के अफसर शामिल थे।

**सीसीटीवी फुटेज के सहारे पकड़े गए शूटर :** मुखिया पति हत्याकांड का खुलासा करने में पुलिस को सीसीटीवी फुटेज और गमछा के जरिए शूटर तक पहुंचने में सफलता हाथ लगी। एसपी ने बताया कि 14 मई की सुबह सरैयां बाजार में मुखिया पति महेंद्र यादव उर्फ मुन्ना यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। घटना काफी गंभीर थी, जिसे देखते हुए एएसपी के नेतृत्व विशेष टीम गठित की गयी थी। जांच के क्रम में टीम ने घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज खंगालनी शुरू की। उसके जरिए दोनों शूटरों को चिन्हित कर लिया गया। वहीं घटनास्थल से कुछ दूरी पर अपराधियों का गिरा हुआ गमछा बरामद किया गया। उससे भी अपराधियों की पहचान में सहूलियत हुई। उसके बाद से टीम शूटरों की तलाश में जुटी थी। उसी क्रम में बुधवार को मुख्य शूटर राकेश कुमार उर्फ रॉकी को गांगी पुल के पास से दबोच लिया गया।

**दो लाख रुपए में हायर किया गया था रॉकी :** मुखिया पति मुन्ना यादव की हत्या की साजिश रचने के बाद गोली मारने के लिए दो लाख रुपए में राकेश कुमार उर्फ रॉकी को हायर किया गया था। उसके लिए उसे कुछ पैसे एडवांस के रूप में भी दिये गये थे। राकेश कुमार उर्फ रॉकी ने ही मुखिया पति को पहली गोली मारी थी। हालांकि इस बात की पुष्टि नहीं हो सकी है कि सुपारी की रकम कितनी थी और एडवांस में कितने पैसे दिए गये थे? एसपी की मानें तो अभी इस बिंदु पर जांच की जा रही है। एसपी की ओर से इस बात की तस्दीक की गयी है कि राकेश कुमार उर्फ रॉकी ने ही मुखिया पति को पहली गोली मारी थी। उसके बाद धनजी यादव द्वारा गोली मारी गयी थी। इधर, पुलिस सूत्रों के अनुसार मुखिया पति की हत्या की साजिश में पूर्व मुखिया पति के अलावे उसी गांव का धनजी यादव भी शामिल था। उसके द्वारा ही दो लाख रुपए में राकेश कुमार उर्फ रॉकी को हायर किया गया था।

# छिपकली गिरी खिचड़ी खाने से 35 बच्चे बीमार

## एमडीएम देने वाली एनजीओ पर होगी कार्रवाई



**केटी न्यूज/छपरा**

बिहार के सारण जिले में मिड डे मील खाने की वजह से कई बच्चों की तबीयत बिगड़ गयी है। सदर प्रखंड के उत्क्रमित कन्या मध्य विद्यालय रसुलपुर टिकुलिया टोला डुमरी में मिड डे मील के खिचड़ी में छिपकली मिली। वहीं यह मील खाने के बाद 35 बच्चे बीमार हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की जानकारी मिलते ही सदर एसडीओ संजय कुमार ने सदर अस्पताल में बीमार बच्चों का जायजा लिया और बताया कि बच्चों की हालत फिलहाल स्थिर है। उन्होंने बताया कि सभी बच्चों का इलाज सही तरीके से किया जा रहा है और डॉक्टरों की टीम मुस्तैद है. उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की टीम इस पूरे मामले की जांच करेगी। शिक्षा विभाग के अधिकारियों को बुलाया गया है। मिड डे मील के में लापरवाही के इस मामले की जांच कराई जाएगी।

इस बीच विद्यालय के छात्र आकाश कुमार ने बताया कि रोज की तरह आज सुबह बच्चे एमडीएम का भोजन लेकर खा रहे थे तभी आकाश के ही थाली में मरी हुई छिपकली निकली। आकाश ने इस बात की सूचना शिक्षकों को दी जिसके बाद अफरातफरी मच गई। आनन-फानन में मिड डे मील के वितरण को रोका गया। थोड़ी देर बाद बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी और देखते ही देखते 35 बच्चे उल्टी करने लगे और बीमार हो गए। विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका पूनम कुमारी ने बताया कि एनजीओ के द्वारा भोजन का वितरण किया जाता है। पिछले कुछ दिनों से भोजन में काफी गड़बड़ियां पाई जा रही है।

पूनम कुमारी ने बताया कि सूचना मिलते ही भोजन का वितरण रोक दिया गया है जो भी बीमार बच्चे हैं उन्हें एंबुलेंस के जरिए सदर अस्पताल लाया गया है। उधर घटना के बाद सदर अस्पताल अलर्ट पर है और सिविल सर्जन स्वयं अस्पताल में व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। सिविल सर्जन ने सदर अस्पताल में 35 बच्चों के भर्ती होने की पुष्टि करते हुए बताया कि बच्चों द्वारा विषाक्त भोजन करने की सूचना है। सभी बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जिनका इलाज जारी है। फूड इंस्पेक्टर को बुलाया गया है और फूड सैंपल लेने का निर्देश दिया गया है। मामले की विस्तृत जांच कराई जाएगी और जो भी दोषी पाए जाएंगे उन्हें छोड़ा नहीं जाएगा।

गौरतलब है कि छपरा में देश का सबसे बड़ा मिड डे मील कांड पहले भी हो चुका है। जिसमें कई बच्चों की मौत हो चुकी थी। इसके बावजूद मिड डे मील को लेकर लापरवाही का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बच्चों के परिजनों ने आरोप लगाया है कि प्रशासन व स्कूल प्रबंधन के अधिकारी एनजीओ के साथ घोटाला करते हैं। जिससे एनजीओ के द्वारा एमडीएम बनाने में लापरवाही बरती जाती है। सदर एसडीओ संजय कुमार ने भी सदर अस्पताल का जायजा लिया है और बच्चों उसका हाल जाना है उन्होंने कहा है कि बच्चों की हालत स्थिर है और सरकारी स्तर पर बच्चों का इलाज कराया जा रहा है।

## हादसे में बच्चियों की मौत के बाद ग्रामीण आक्रोशित, किया सड़क जाम

# स्कूल जा रही छात्राओं को ट्रक ने रौंदा, दो की मौत, तीन घायल

- चार घंटों तक बाधित रहा औरंगाबाद - पटना मुख्य मार्ग, गर्मी से बेहाल हुए जाम में फंसे लोग
- प्रशासन ने मृतक के परिजनों को मुआवजा दिलाने का दिया भरोसा

**केटी न्यूज/अरवल**

जिले के मेहंदिया थाना क्षेत्र के मड़ईला गांव के समीप गुरुवार की अहले सुबह तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूल जा रहीं चार छात्राओं को रौंद डाला। जिसमें दो बच्चियों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, हादसे में जख्मी दो की हालत गंभीर बनी हुई है। इन बच्चियों के साथ एक बुजुर्ग भी था, जो इन्हें स्कूल छोड़ने जा रहा था। उसे भी ट्रक ने कुचल दिया। उसकी हालत भी गंभीर बनी हुई है। सभी मृतक और घायल एक ही गांव के थे और मेहंदिया स्थित एक निजी विद्यालय में पढ़ने जा रहे थे। मृतक छात्राओं की पहचान मेहंदिया थाना क्षेत्र के मड़ईला गांव निवासी रुनजय यादव की सात साल की बेटी शिवानी कुमारी और मोहित यादव की आठ साल की बेटी काजल कुमारी के रूप में हुई है। घायल रामाश्रय पासवान अपनी 8 साल की पोती खुशी कुमारी को लेकर मेहंदिया स्कूल छोड़ने जा रहे थे। इसी दौरान ट्रक की चपेट में आने से दादा-पोती भी बुरी तरह जख्मी हो गए। उन्हें दाउदनगर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां बच्ची को डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया है। वहीं रुनजय यादव की दूसरी बेटी 10 साल की कीर्ति का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

**ट्रक चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया :** मौके पर मौजूद विकास कुमार ने बताया कि ट्रक तेजी से आ रहा था। बच्चे सड़क किनारे जा रहे थे। इसी दौरान ट्रक बच्चियों को रौंदते हुए जाने लगा। ट्रक के नीचे सभी छात्राएं आ गईं। मौके पर चीख-पुकार मच गई। आनन-फानन में घायलों को ट्रक के नीचे से निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। इधर घटना की जानकारी देने के लिए ग्रामीणों ने मेहंदिया थाने की सरकारी नंबर पर फोन लगाया, लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया इसके बाद ग्रामीण के द्वारा पुलिस अधीक्षक मोहम्मद कासिम को सूचना दी जिसके बाद पुलिस अधीक्षक ने मेहंदिया थाना अध्यक्ष अमित कुमार को सूचना दी जिसके बाद घटना के 45 मिनट बाद थानाध्यक्ष अपने दल बल के साथ पहुंचे जिसके बाद ग्रामीण आक्रोशित हो गए पुलिस और ग्रामीण के साथ तीखी नोकझोक हुई।



## घटनास्थल पर पहुंची पांच थानों की पुलिस

मामला गर्म होता देख घटनास्थल पर बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई। पांच थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और प्रहार टीम के लगभग 2 दर्जन से अधिक पुलिस बल को तैनात किया गया। घटनास्थल पर पहुंचे एसडीओ राजीव रंजन और अनुमंडल पदाधिकारी राजीव रोशन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मदद से जाम को खुलवाया गया। प्रशासन ने मृतक के परिजनों को हरसंभव मुआवजा दिलाने का भरोसा दिलाया जिसके बाद जाम हटाया गया। भीषण गर्मी में चार घंटे तक पटना-औरंगाबाद मुख्य मार्ग पर यातायात बाधित रही। जाम की वजह से अन्य राज्य से आने वाले बड़े सवारी वाहन जाम में फंसे रहे। 4 किलोमीटर लंबी जाम लगी हुई थी वाहनों में सवार छोटे-छोटे बच्चे बिलखते नजर आए। इधर पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया और पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दी। इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई।





## सरकारी अस्पताल में इलाज और एमएमडीपी से मधुबनी, मीनापुर की राखी को मिली राहत

# जन सहभागिता से फाइलेरिया रोगियों का दर्द मिटा रही राखी

**केटी न्यूज/मुजफ्फरपुर**

पांच साल तक बालमन को समेटना खुद को बेड़ियों में जकड़ने जैसा है। पीछे की बेंच पर अकेले बैठना। सहेलियों का ताना। बगीचों में न खेल पाना। आम लड़कियों की तरफ साइकिल का न हांक पाना, यह बातें मधुबनी, मीनापुर की राखी के मन पर एक चोट सी दे रही थी। वह अवस्था 12 वर्ष की थी, जब राखी को फाइलेरिया के कारण हाथीपांव हुआ। दिन प्रतिदिन बढ़ते सूजन ने उसके बचपन और बचपने को खत्म कर दिया था। अपनी सहेलियों को खेलते और खिलखिलाते निहारती राखी अंतर्मन से काफी हताश दिखती थी। कई जगह दिखाने के बाद भी उसकी इस बीमारी का इलाज न मिल पाया। लगभग एक वर्ष पहले उसकी मुलाकात पार्वती पेसेंट सपोर्ट ग्रुप के नेटवर्क सदस्यों से हुई। मार्गदर्शन पाकर राखी ने अपना इलाज सरकारी अस्पताल में कराना शुरू किया। एमएमडीपी किट और व्यायाम का सहारा लिया। आज राखी का पांव सामान्य की तरह दिखने लगा है। अब वह साइकिल भी हांकती है, स्कूल में सहेलियों के साथ बैठती भी है और सबसे बड़ी बात अब वह अपने भविष्य को लेकर आशान्वित भी है।



## .....ताकि अब और न बने कोई राखी

राखी ने इसी वर्ष बोर्ड की परीक्षा पास की है। राखी कहती है, हाथीपांव में मिली राहत ने उसे जहां एक नई दशा दी वहीं एक दिशा भी, जिसमें वह अपने जैसे किशोरियों को फाइलेरिया के प्रति जागरूक करे। यह राखी की सजगता का ही प्रतिफल है कि उसने आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों तथा ग्रामीण समुदाय स्तर पर कई फाइलेरिया जागरूकता के कई सफल आयोजनों का नेतृत्व किया है। ग्रामीणों और किशोरियों को फाइलेरिया उन्मूलन के लिए तैयार किया है, ताकि कोई और राखी न बन पाए। अपने सपनों को मरते न देख पाए। जागरूकता की इस कड़ी के अलावा राखी ने फरवरी में हुए सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम के तहत भी प्रभावशाली भूमिका का भी निर्वहन किया। जिसकी प्रशंसा मीनापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी सहित जिला भीबीडीसी पदाधिकारी डॉ सतीश कुमार ने भी की।

**अब चेहरे की मुस्कान देखती है मां पार्वती :** यह सच है कि फाइलेरिया के कारण राखी ने अपना बचपन खोया है, लेकिन राखी और उसकी मां पार्वती की एक सजगता ने राखी को पूरी जिंदगी के दुखों से दूर कर दिया। तभी तो अब राखी की मां पार्वती राखी के खत्म हो चुके पैर के सूजन को नहीं उसके प्यारे चेहरे की मुस्कान को देखती है। साथ ही, यह प्रयास कर रही हैं उनके माध्यम से लोग जागरूक हो सकें।

## एक नजर

### लूट की वारदात को अंजाम देने जा रहा बदमाश तमंचा के साथ गिरफ्तार




**गाजीपुर।** रेवतीपुर थाना क्षेत्र के उतरौली चट्टी के समीप पुलिस ने बृहस्पतिवार की सुबह वाहन चेकिंग के दौरान एक बदमाश को धर दबोचा। पूछताछ में बताया कि वह लूट की घटना को अंजाम देने जा रहा था। मौके से उसकी तलाशी लेने पर कमर के पीछे पैंट में छिपाकर रखा गया एक तमंचा एवं कारतूस बरामद किया गया।थाने लाकर कड़ी पूछताछ में बदमाश ने? अपना नाम पता दीपक पांडेय निवासी नौली थाना रेवतीपुर बताया। पुलिस के पूछताछ में उसने बताया कि वह क्षेत्र में लूट की एक घटना को अंजाम देने जा रहा था। जिसके बाद पुलिस ने उसका मेडिकल मुआयना कराने के बाद उसका आर्म्स एक्ट में चालान कर दिया। रेवतीपुर थानाध्यक्ष आलोक त्रिपाठी ने बताया कि वह अपने हमराही आरक्षी संगम शुक्ला एवं मधुरेन्द्र के साथ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराध व अपराधियों के विरुद्ध अभियान एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी जमानियां के मार्गदर्शन में वांछित/वारण्टी/लूट/शातिर अपराधियों की तलाश में उतरौली चट्टी पर ताड़ीघाट- बारा हाइ-वे किनारे चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक युवक संदिग्ध तरीके से आता दिखाई दिया। बताया कि जब उसे पास आने को कहा गया तो वह भागने लगा। शक होते ही उसका घेराबंदी कर पीछा शुरू कर दिया। इसके बाद बदमाश अहलहा लहराने लगा। मगर उसे दौड़ाकर किसी तरह असलहा व कारतूस समेत दबोच लिया।

### अग्निपीड़ितों की मदद को आगे आए पूर्व सैनिक




**गाजीपुर।** रेवतीपुर थाने के आंधी तिलवा गांव में बीते दिनों हुए भीषण अग्निकांड की घटना के बाद पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता उपलब्ध कराना तो दूर प्रशासनिक अधिकारियों ने एकबार भी घटना स्थल का मौका मुआयना कर पीड़ितों का हालचाल लेना भी मुनासिब नहीं समझा। पीड़ितों ने बताया कि एकमात्र लेखपाल मौके का सर्वे रिपोर्ट बनाकर गए हैं। मगर अधिकारी मौके पर हालत का जायजा लेने तक नहीं आए। बताया कि पीड़ित आज भी इस चिलचिलाती धूप में खुले आसमान के तले रहने को मजबूर हैं। जिससे कि पीड़ित परिजनों व ग्रामीणों में रोष है। उधर दूसरी तरफ युवा समाजसेवी एवं पूर्व सैनिक एवं जिला पंचायत प्रतिनिधि विनोद गुप्ता ने पीडितों के लिए लिए अपने मदद का हाथ बढाया है। उन्होंने अग्निकांड की घटना से पीड़ित सभी नौ लोगों के परिजनों को आटा, चावल, दाल, तेल, सब्जी आदि का निःशुल्क वितरण अपने तरफ से किया। उन्होंने कहा कि परिवार के लोगों को किसी भी प्रकार की कोई समस्या होने नहीं दिया जाएगा। किसी भी आपात परिस्थितियों में वह सहयोग के लिए दिन रात तत्पर रहेगें। मालूम हो कि बीते मंगलवार की देर रात रेवतीपुर थाना क्षेत्र के आंधी-तिलवां गांव के यादव बस्ती में अज्ञात कारणों से आग लगने से नौ लोगों की 27 रिहायशी झोपडियां जलकर राख होने के साथ ही उसमें रखा और गृहस्थी का पूरा सामान आग की भेंट चढ गया। आग की चपेट में आने से पांच जानवर जल मरे।जबकि दो झुलस गये थे। इस अवसर पर भीष्म यादव, पंकज राय, संजय गुप्ता, अजय कुमार, विनय कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से मजदूर की मौत



**आरा।** जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र के बखोरापुर गांव स्थित बांध के समीप बुधवार की सुबह अनियंत्रित ट्रैक्टर ने काम कर एक मजदूर को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौत हो गई। इलाज के लिए पटना ले जाने के दौरान उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही रही। घटना के बाद चालक मौके से ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार मृतक बड़हरा थाना क्षेत्र के बखोरापुर गांव निवासी स्व.महेंद्र यादव के 47 वर्षीय पुत्र राजेश यादव है एवं वह पेशे से मजदूर थे। इधर मृतक के बेटे रितेश कुमार ने बताया कि बुधवार की सुबह में मजदूरी करने के लिए गांव में स्थित बांध के समीप गए थे। जहां वह मिट्टी ढो रहे थे। उसी दौरान अनियंत्रित ट्रैक्टर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रुप से जख्मी हो गए थे। इसके बाद उक्त चालक ट्रैक्टर लेकर वहां से फरार हो गया था। घटना के करीब एक घंटे बीत जाने के बाद हम लोगों को स्थानीय लोगों द्वारा सूचना मिली के ट्रैक्टर ने मेरे पिता को धक्का मार दिया है। सूचना पर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और उन्हें इलाज के लिए बड़हरा के मनीछपरा स्थित पीएचसी से आरा सदर अस्पताल ले आए। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उनकी हालत चिंताजनक देते हुए पटना रेफर कर दिया गया था।हालांकि परिजन अभी इलाज के लिए उन्हें पटना ले ही जा रहे थे। तभी उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

### केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने केंद्रीय एजेंसियों द्वारा बिहार में गेंहू खरीद की समीक्षा की



**पटना।** केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने राजकीय अतिथिशाला पटना में केंद्रीय एजेंसियों भारतीय खाद्य निगम एवं नाफेड द्वारा बिहार में गेहूं खरीद की समीक्षा बैठक की। राज्य में क्रय केंद्र एवं अधिप्राप्ति संबंधित अन्य तैयारियों से भी अवगत हुए। बैठक में भारतीय खाद्य निगम के महाप्रबंधक के अतिरिक्त निगम एवं नाफेड के अन्य शीर्ष अधिकारी उपस्थित थे। बिहार में विकेन्द्रीकृत खरीद होती है। राज्य में गेंहू की अधिप्राप्ति की धीमी गति के कारण इस बार केंद्र सरकार खुद भी गेहूं की खरीद कर रही है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि केंद्र सरकार की एजेंसी भी गेंहू की खरीद कर रही है। इसकी जानकारी जन मानस में अभी हुई नहीं है क कहीं बैनर इत्यादि नहीं दिख रहे हैं। केंद्रीय मंत्री श्री चौबे ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि केंद्र सरकार इस वर्ष खुद भी गेहूं किसानों से खरीद रही है इसे लेकर जागरूकता अभियान चलाएं ताकि किसान को अधिक से अधिक फायदा हो सके, इसीलिए प्रमुख स्थानों पर जैसे बाजार, ब्लाक कार्यालय, जिला कार्यालय एवं अन्य उचित स्थानों पर बैनर इत्यादि लगाने को निर्देशित किया। केंद्रीय मंत्री श्री चौबे ने क्रय केंद्र की भी जानकारी अधिकारियों से ली। समीक्षा के दौरान उन्होंने यह पाया कि कुछ जिलों में केंद्र सरकार की एजेंसियों ने क्रय केंद्र नहीं खोले हैं और कुछ जिलों में अच्छी पैदावार के दृष्टिगत और भी क्रय केंद्र की आवश्यकता है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को इसकी संयुक्त समीक्षा कर आवश्यकतानुसार क्रय केंद्रों की संख्या बढ़ाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा अनुमोदित मानकों को भी प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित करें ताकि अन्नदाताओं में इसके प्रति जागरुकता आए। मखाने की खरीद आदि की भी जानकारी ली।